आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

16 वें वर्ष में प्रवेश — जबलपुर का नम्बर 1 अखबार

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 10- ● जबलपुर ● गुरुवार, 10 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष-10 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

### यूपी चुनाव: सात चरणों में होने वाले चुनाव के पहले चरण की वोटिंग शुरू

## 11 जिलों के 58 विधानसभा चुनाव में हो रही वोटिंग







**लखनऊ, । देश की सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 18वीं विधानसभा के गठन के लिए सात चरणों में होने वाले मतदान में पहले चरण की वोटिंग कोहरे तथा ठंड के बाद भी शुरू हो गई है। मतदाता सात बजे से पहले ही केन्द्रों में पहुंच गए थे। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2002 में पहले चरण के मतदान में 11 जिलों के 58 विधानसभा क्षेत्र के मतदाता आज अपने अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।**

प्रात× सात बजे से शाम छह बजे तक होने वाले मतदान में आज प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के नौ मंत्रियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी।बुलंदशहर में दूल्हे बलराम तो बागपत में 90 वर्षीया बाला ने किया मतदान रू उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर निर्वाचन आयोग के साथ मतदाता भी गंभीर है। भयंकर ठंड तथा कोहरे के बाद भी मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। बुलंदशहर में बलराम की गुरुवार को बरात जानी है, लेकिन बलराम ने बरात में जाने से पहले सीधा मतदान केन्द्र का रूख किया और वोट डाला। बागपत में पहले दो घंटे में सर्वाधिक वोट पड़े हैं। यहां पर मतदाताओं में खासा जोश है। इसी जोश का उदाहरण हैं 90 वर्षीया वृद्धा बाला। जिनको उनका पोता विक्रांत मतदान के लिए गोद में उठाकर मतदान केन्द्र तक लाया। जहां पर बाला ने वोट डाला। पहले दो घंटे में कुल 7.93 प्रतिशत मतदान, बागपत में सर्वाधिक तो गाजियाबाद में सबसे कम वोटिंग रू उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान में 11 जिलों में पहले दो घंटे यानी सात से नौ बजे तक कुल 7.93 प्रतिशत मतदान हुआ है। घने कोहरे तथा ठंड के बीच सात बजे से मतदान शुरु होने से पहले ही लोग मतदान केन्द्र के बाहर एकत्र थे। दो घंटे में बागपत में सर्वाधिक 8.93 और गाजियाबाद में सबसे कम 7.37 प्रतिशत मतदान हुआ है। उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार दो घंटे (7 से 9 बजे) के बाद दो घंटे के बाद आगरा में 7.53 अलीग? में 8.26, बागपत में 8.93, गौतमबुधनगर में 8.33, गाजियाबाद में 7.37, हापु? में 8.20, मथुरा में 8.30, मेरठ में 8.44, मुजफ्फरनगर में 7.50 तथा शामली में 7.70 प्रतिशत मतदान हुआ।शामली में गठबंधन प्रत्याशी पर दबाव बनाकर वोट डलवाने के आरोप में केस दर्ज हुए।

## उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2022

## श्रीनगर में पीएम मोदी की पहली फिजिकल रैली

### हरिद्वार-अल्मोड़ा में राहुल गांधी सभा करेंगे

**नई दिल्ली। उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा और कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी उत्तराखंड में चुनावी रैली करेंगे।**



उत्तराखंड में 70 सीटों के लिए 14 फरवरी को चुनाव होना है।वीआईपी सीट से रैली की शुरूआत करेंगे प्रधानमंत्री उत्तराखंड में प्रधानमंत्री की पहली फिजिकल रैली वीआईपी सीट श्रीनगर में है। यहां पर भाजपा कैंडिडेट डॉ. धन सिंह रावत के पक्ष में जनसभा करेंगे। श्रीनगर सीट से कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोडियाल चुनाव मैदान में हैं। प्रधानमंत्री 11 फरवरी को अल्मोड़ा और 12 फरवरी को रुद्रपुर में भाजपा के पक्ष में प्रचार करेंगे।




#### राहुल गांधी की एक दिन में दो रैली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी हरिद्वार के मंगलौर और अल्मो ?ा के जागेश्वर में जनसभा करेंगे। राहुल दोपहर 11.50 बजे मंगलौर में और 3 बजे जागेश्वर में रैली करेंगे। मंगलौर सीट से पार्टी ने राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन और जागेश्वर से गोविंद कुंजवाल को मैदान में उतारा है। इनडोर रैली 50: क्षमता के साथ की जा सकती है। पांच राज्यों में चुनावी रैली को लेकर इलेक्शन कमीशन ने 6 फरवरी को नई गाइडलाइन जारी की थी। इसके मुताबिक राजनीतिक पार्टियां आउटडोर रैली कर सकती है, लेकिन मैदान में कुल कैपिसिटी का 30: भीड़ ही जुटा सकती हैं। इनडोर में 50: लोगों के साथ रैली की जा सकती है। रैली के दौरान नेता और जनता को कोरोना के नियमों का पालन करना होगा।



#### 2017 का चुनाव परिणाम

उत्तराखंड में 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 50 सीटों पर जीत दर्ज की थी। पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे को आगे कर चुनावी मैदान में उतरी थी। इस बार कांग्रेस के सामने फिर से सत्ता में वापसी करने की चुनौती है। 2012 से 2017 तक उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार रह चुकी है।

### MP हाईकोर्ट के जज पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था

## सुप्रीम कोर्ट ने महिला जज की बहाली के निर्देश दिए

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत करने वाली महिला जज को बहाल करने का निर्देश दिया है। महिला जज ने इस आधार पर बहाली की मांग की थी कि उन्हें 2014 में इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। इसके पहले 1 फरवरी जस्टिस एल नागेश्वर राव और बी.आर. गवई ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। गौरतलब है कि महिला न्यायाधीश ने अपनी याचिका में कहा था कि उच्च न्यायालय ने 15 दिसंबर, 2017 की न्यायाधीशों की जांच समिति की रिपोर्ट के स्पष्ट निष्कर्ष की अनदेखी की, जिसमें अतिरिक्त जिला न्यायाधीश के पद से याचिकाकर्ता के 15 जुलाई 2014 के इस्तीफे को असहनीय परिस्थितियों में लिया गया कदम बताया था। याचिका में कहा गया कि न्यायाधीशों की जांच समिति ने कहा था कि याचिकाकर्ता को सेवा में बहाल किया जाए क्योंकि उसने दबाव में इस्तीफा दिया था।






### सीएम बोम्मई की अपील

## स्कूल परिसर और राज्य में भंग ना करें शांति

**नई दिल्ली,** । कर्नाटक में जारी हिजाब विवाद के बीच राज्य के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की प्रतिक्रिया सामने आई है। सीएम बोम्मई ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। राज्य के सीएम ने गुरुवार को कहा कि मैं बाहरी लोगों से अपील करता हूं कि स्कूल परिसर और राज्य में शांति भंग ना करें। सीएम ने कहा कि शांतिपूर्ण माहौल बनाना हमारा कर्तव्य है ताकि न्याय दिया जा सके।

#### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा विवाद

कर्नाटक हिजाब विवाद अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट में मामले का जिक्र करते हुए कर्नाटक हाईकोर्ट से केस को सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर करने की मांग की है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभी इस मामले में दखल देना ठीक नहीं होगा, हाईकोर्ट को फैसला करने दो। हम आपकी याचिका पर बाद में विचार करेंगे।





## आगरा से मध्य प्रदेश, राजस्थान व हरियाणा की सीमाएं सील

आगरा, । उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आगरा से मध्य प्रदेश, राजस्थान व हरियाणा की सीमाएं सील कर पुलिस वाहनों की जांच कर रही हैं। वाहन में बैठे लोगों की तलाशी भी ली जा रही है। आगरा जोन के आठ जिलों में से आगरा, मथुरा और अलीगढ़ जनपद में पहले चरण में गुरुवार को मतदान हो रहा है। इसके लिए तीनों जनपदों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पैरा मिलिट्री फोर्स, पीएसी और पुलिस सभी मतदान केंद्रों पर तैनात की गई। आगरा जनपद के बाह क्षेत्र से मध्यप्रदेश की सीमा लगी है। सैंया, शमसाबाद, इरादत नगर, जगनेर, खेरागढ़, फतेहपुर सीकरी और अछनेरा क्षेत्र से राजस्थान की सीमा लगी है। फतेहपुर सीकरी में आगरा-जयपुर हाईवे पर बनाए गए चेकपोस्ट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।



### हिजाब विवाद में सुप्रीम कोर्ट का दखल देने से इनकार

बेंगलुरु। कर्नाटक में चल रहे हिजाब विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल दखल देने से इनकार कर दिया है। कांग्रेस नेता और वकील कपिल सिब्बल ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। कोर्ट ने इस मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद हस्तक्षेप करने की बात कही है।याचिका पर सुनवाई के दौरान CJI ने कहा, %पहले कर्नाटक हाईकोर्ट में आज होने वाली सुनवाई का फैसला आने दें। इसके बाद हम इस मामले को देखेंगे। सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से कर्नाटक हाईकोर्ट में दाखिल याचिकाओं को अपने पास ट्रांसफर कर सुनवाई करने का आग्रह किया गया था। स्ट ने कहा- हम सुनवाई करेंगे तो हाईकोर्ट नहीं सुनेगा मामलाहिजाब विवाद से जुड़ी याचिका लगाने वालों की तरफ से सीनियर वकील कपिल सिब्बल सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए।

#### उत्तर में बर्फबारी से MP में ठिठुरन

### भोपाल में 3 डिग्री तक गिरा पारा, जबलपुर में भी रहा कोहरा

भोपाल । उत्तर में बर्फबारी के कारण मध्यप्रदेश में मौसम बदल गया है। बीते 24 घंटे के दौरान प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई। रात का पारा साढ़े 3 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ गया। भोपाल और पचमढ़ी में प्रदेश के अधिकांश इलाकों में न्यूनतम तापमान लुड़क गया। खजुराहो, जबलपुर और रीवा में घना कोहरा रहा। मौसम वैज्ञानिक पीके साहा ने बताया कि अभी इसी तरह ठंडक रहेगी। रात के बाद दिन का तापमान भी नीचे आएगा। दिन में तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। रात में पारा 10 के नीचे जा सकता है।

### लद्दाख पर बढ़ रहा सैलाब का खतरा: तेजी से पिघल रहे चीन से लगे ग्लेशियर

## झीलें फटीं तो आ सकती है केदारनाथ जैसी तबाही

**लद्दाख ।** लद्दाख क्षेत्र में ग्लेशियर पिघलने से यहां केदारनाथ जैसी तबाही होने का खतरा मंडरा रहा है। ग्लेशियर पिघलने से झीलें फटने का खतरा बढ़ गया है। अगर ऐसा हुआ तो पानी सैलाब की शक्ल ले लेगा। देश के बड़े पर्यटन आकर्षणों में से एक लद्दाख के पैंगोंग क्षेत्र में पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। चीन के साथ 22 महीने से गतिरोध के चलते चर्चा में रहे इस क्षेत्र में ग्लेशियर बेहद तेजी से पिघल रहे हैं।

यह खुलासा अपनी तरह के पहले वैज्ञानिक अध्ययन से हुआ है, जिसमें पैंगोंग क्षेत्र के 87 ग्लेशियरों में 1990 के बाद से आई कमी का सैटेलाइट डेटा से अध्ययन किया गया। ट्रांस-हिमालय लद्दाख के पैंगोंग क्षेत्र में भारतीय सीमा में आने वाले इन ग्लेशियरों का अध्ययन कश्मीर विश्वविद्यालय के जियोइनफार्मेटिक्स विभाग ने किया।वैज्ञानिकों के मुताबिक ग्लेशियरों के सिकुड़ने की दर सालाना 0.23: है। 30 वर्षों में ये 6.7: सिकुड़ चुके हैं। शोध सदस्य डॉ. इरफान राशिद के मुताबिक इन झीलों के फटने का खतरा बढ़ गया है। चिंता इसलिए ज्यादा है कि यह क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से भी संवेदनशील है। उन्होंने कहा, ष्लेशियर अधिक पिघलेंगे, तो इन हिमनदों की झीलें फटेंगी। अगर यह झीलें फूटीं तो पानी सैलाब की शक्ल में तेजी से बहेगा। इससे आसपास के गांव खतरे में पड़ सकते हैं। उत्तराखंड की त्रासदी की तरह सैलाब, रास्ते में हर चीज को बहा ले जा सकता है। यह शोध जर्नल फ्रंटियर्स इन अर्थ साइंस में प्रकाशित हुआ है। ग्लेशियरों से सिर्फ 6 किमी दूर हो रहे निर्माण डॉ. रशीद ने कहा कि कहा कि ग्लेशियरों के पिघलने से लद्दाख क्षेत्र में गंभीर परिणाम होंगे। पैंगोंग झील के पास बुनियादी ढांचे के निर्माण हो रहे हैं, जो इन ग्लेशियरों से सिर्फ 6 किलोमीटर की दूरी पर हैं। पैंगोंग झील के पास अगर और इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया तो ग्लेशियर और कम होंगे। वनस्पति भी प्रभावित होगी। मिट्टी में नमी कम रहेगी। कृषि गतिविधियां प्रभावित होंगी। उन्होंने कहा कि चीन की सीमा में स्थित ग्लेशियर की भी रिसर्च जरूरी है।



#### 12000 ग्लेशियर हैं जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में

अर्थ साइंस एक्सपर्ट प्रोफेसर शकील अहमद रोमशू के मुताबिक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में 12,000 ग्लेशियर हैं, जो 200 हिमनद झीलों का निर्माण करते हैं। पूरे हिमालयी क्षेत्र में 2000 हिमनद झीलें हैं, जिनमें से 200 में पानी ब ?ने के बाद फटने का खतरा है। वनस्पतिशास्त्री अख्तर मलिक ने कहा कि पैंगोंग झील का 45 किमी हिस्सा भारतीय नियंत्रण में है।

### थाने से प्रेमी को ले गई दुल्हन, रिश्तेदारों ने घेरा तो बनी ढाल

कांकेर। शादी के बाद प्रेमी के साथ फरार हुई दुल्हन की फिल्मों जैसी प्रेम कहानी का क्लाइमेक्स भी फिल्मी ही रहा। छत्तीसगढ़ के कांकेर की इस घटना में पुलिस ने दुल्हन और उसके प्रेमी को पकड़ने के बाद ल?के के खिलाफ मामला दर्ज किया, लेकिन एक दिन बाद पुलिस ने प्रेमी को छो?ा तो दूल्हा अपने रिश्तेदारों को लेकर थाने पहुंच गया। लड़की वाले भी आ गए। रिश्तेदारों ने प्रेमी को बाहर ही घेर लिया। अब बारी दुल्हन की थी, जो अपने प्रेमी की ढाल बन गई। उसने दूल्हे को मंगलसूत्र लौटा दिया। आखिरकार सब मान गए। इसके बाद युवती अपने प्रेमी के साथ ही थाने से रवाना हुई। अब जल्द ही दोनों शादी करेंगे।दरअसल, दंतेवा?ा निवासी आरती सहारे और बस्तर के बकावंड निवासी विकास गुप्ता के बीच लंबे समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा है, लेकिन परिजन शादी के लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने आरती की शादी महाराष्ट्र के एक युवक से तय कर दी। दोनों की शादी 6 फरवरी को हुई।

### अमोल पालेकर की तबीयत खराब

## पुणे के दीनानाथ मंगेशकर हॉस्पिटल में एडमिट हैं अभिनेता

**पुणे।** अभिनेता और फिल्म निर्देशक अमोल पालेकर की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। उनकी पत्नी संध्या गोखले ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अमोल पालेकर की तबीयत को लेकर चिंता करने की कोई बात नहीं है। वो अब ठीक हो रहे हैं और पहले से उनका स्वास्थ्य काफी बेहतर है।पुरानी बिमारी के चलते हॉस्पिटल में हुए एडमिट अमोल पालेकर की पत्नी ने कहा कि अनोल पालेकर को उनकी पुरानी बीमारी के इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। 10 साल पहले भी उन्हें इसी बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, अब उनके स्वास्थ्य में पहले से काफी सुधार हुआ है।70 और 80 के दशक के चर्चित अभिनेता हैं पालेकरअभिनेता अमोल पालेकर 70 और 80 के दशक में गोलमाल, घरोंदा, रंग-बिरंगी, श्रीमान श्रीमती, रजनीगंधा, चितचोर, नरम गरम, भूमिका, छोटी सी बात, सावन जैसे कई फिल्मों में अपने किरदार से लोगों में अपनी अलग पहचान बनाई है।



# गौर नदी को बना दिया गोबर की नदी

# वेंटीलेटर पर वर्षों पुरानी नदी, पर्यावरण-प्रदूषण विभाग की कोशिशें हवा-हवाई हुई साबित

**जबलपुर, यशभारत। दर्जनों ताल तलैया वाले शहर को जल विहीन करने में कोई कसर नहीं छो?ी जा रही है। एक के बाद एक कई जल स्त्रोत का नामोनिशान मिट गया। गौर नदी भी इसी कतार में है। जल संरक्षण, प्रदूषण और पर्यावरण के जिम्मेदारों के आखों के सामने गौर नदी वेन्टीलेटर पर बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। इनकी सारी कोशिशें हवा हवाई हो गई।**

बेंटीलेटर पर पहुंच चुकी गौर। एक वक्त था जब गौर नदी में स्वच्छ पानी हुआ करता था। लोग इसका पानी पीने से लेकर हर कार्य में इसका उपयोग करते थे। लोग इसमें तैरकी भी करते थे। पहले नदी में स्वच्छ पानी होने के कारण ही इसका नाम गौर नदी प ?ा। अब इस नदी का पानी बेहद कम और प्रदूषण की मात्रा इतनी ब ? गई है कि यह पानी उपयोग करने लायक तक नहीं रहा। नदी के आसपास रहने वाले बताते हैं कि यहां डेयरियों की भरमार है। तमाम डेयरियों की गंदगी सीधे गौर नदी में मिल रही है।



### प्रदूषण रोकने में नाकाम

जल एवं बायू प्रदूषण की रोकथाम और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये विभाग बनाए गये हैं। इसमें जिनको नियुक्त किया गया है। उन्हें मोटा वेतन भी दिया जाता है। इसके बाद भी वो जल प्रदूषण को रोकने में सफल नहीं हो रहे हैं। गौर नदी में लगातार गंदा पानी मिल डर रहा है। नदी का जल दिन पर दिन प्रदूषित हो रहा है। जिम्मेदार विभाग को पता है कि नदी के जल से प्रदूषण खत्म करने के लिये क्या-क्या किया जाना चाहिये। इसके बाद भी विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

### सी केटेगरी का हो गया गौर का पानी

प्रदूषण की जांच करने वाले वैज्ञानिक जल प्रदूषण को 4 केटेगरी ए, बी, सी और डी में रखे हैं। ए केटेगरी वाला पानी एकदम स्वच्छ रहता है। बी और सी केटेगरी मतलब जल में प्रदूषण ब ? रहा है। यदि डी केटेगरी तक प्रदूषण पहुंच गया तो जल से ऑक्सीजन समाप्त हो जाता है। गौर का पानी सी केटेगरी में पहुंच गया है। यदि इसका प्रदूषण कंट्रोल नहीं किया गया तो यह नदी तबाह हो जायेगी।

### तालाब बिके एक दिन नदी भी बिक जायेगी

शहर में करीब 56 ताल तलैया हुआ करते थे। इसमें से कई तालाब गायब हो गये। जानकार बताते हैं कि कुछ तालाबों को भूमाफिया निगल गये। कुछ को प्रशासन ने ही पूरकर उसमें स्टेडियम और गार्डन आदि बनवा दिये। आज भी कुछ तालाबों पर भू माफियाओं की नजरें ग ?ी हुई है। वे इसे भी निगलने के लिये मौके की तलाश में रहते हैं। गौर नदी पर भी खतरा मंडरा रहा है। नदी के किनारे अतिक्रमण ब ?ता जा रहा है।

### संरक्षण का प्लान वर्षो से बना रहे

जल संरक्षण के जिम्मेदार गौर नदी को. स्वच्छ करने का प्लान वर्षों से बना रहे हैं। जानकार बतते हैं कि इस पर लाखों रुपये खर्च कर दिया गया। दिखावे के लिये कुछ डेयरियां हटवा दी गई। लेकिन आज भी ब?ी संख्या में नदी के किनारे डेयरियां चल रही है। इसकी जानकारी जिम्मेदार विभाग को भी है। लेकिन वे कुछ नहीं कर रहे हैं। बताया जाता है कि अब गौर नदी के आस- पास की डेयरियों को खमरिया तरफ शिफ्ट करने का प्लान बनाया जा रहा है। यह प्लान कब पूरा होगा कुछ कहा नहीं जा सकता।




# शैल्बी हॉस्पिटल जबलपुर में हार्ट फेलियर क्लिनिक प्रारंभ

**जबलपुर।** शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर द्वारा हृदय रोगो के मरीजों के लिए सराहनीय पहल की गयी जिसके अंतर्गत हार्ट फेलियर मरीजों के लिए विशेष क्लिनिक का प्रारंभ की गया। विशेष क्लिनिक के माध्यम से हार्ट फेलियर मरीज, जिनको गहन एवं विशेष उपचार की जरूरत पड़ती है - का इलाज समुचित रूप से हो सकेगा। हार्ट फेलियर क्लिनिक के माध्यम से नियमित सुविधाओं के अतिरिक्त कुछ विशेष सुविधाए जैसे हार्ट फेलियर कॉउन्सलर, डायटीशियन, सयकोलॉजिस्ट एवं वरिष्ठ फिजिशियन के अनुभव का लाभ मिलेगा ! इसके अलावा हार्ट फेलियर सम्बन्धी सभी बेसिक एवं एडवांस्ड जांचो को भी इस क्लिनिक में सम्मिलित किया गया है जो की न्यूनतम दारों पर उपलब्ध कराइ जाएंगी। हार्ट फेलियर के प्रमुख लक्षणों चलने फिरने में साँस का फूलना, अत्यधिक थकावट, धड़कन का बढा होना एवं शरीर में ऑक्सीजन की कमी होना है। मरीजों को हार्ट फेलियर क्लिनिक के माध्यम से डॉ आशीष तिवारी (कार्डियोलॉजिस्ट), डॉ अमल कांति सेन ( कार्डियोलॉजिस्ट) डॉ नीरज बडेरिया (जनरल मेडिसिन), डॉ संजय नेमा (जनरल मेडिसिन ), डॉ अपर्णा परांजपे (क्लीनिकल साइकोलोजिस्ट) के अनुभव का लाभ होगा।

# पमरे महाप्रबंधक व डीआरएम ने किया तीसरी रेल लाइन का निरीक्षण

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता एवं मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर संजय विश्वास द्वारा सागर स्टेशन का निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक श्री गुप्ता कटनी से सागर सेक्शन के दौरे पर आये हुए थे. स्टेशन पर महाप्रबंधक द्वारा यात्री सुविधाओं का अवलोकन किया गया. फूट ओवर ब्रिज , लिफ्ट, प्रवेश द्वारा इत्यादि का निरीक्षण करके आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया.। उन्होंने बुकिंग ऑफिस , आरक्षण कार्यालय , विश्रामालय आदि का निरीक्षण भी किया , एकीकृत क्रु लॉबी का निरीक्षण किया इस दौरान सेफ्टी से सम्बंधित उचित दिशा निर्देश् दिए व कर्मचारियों को सजगता पूर्ण कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने मंडल के अधिकारीयों के साथ रनिंग रूम व अधिकारी विश्रामालय का भी निरीक्षण किया एवं उपलब्ध सुविधाओं पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की. श्री गुप्ता ने थर्ड लाइन के कार्य का भी जायजा लिया और तेजी से काम करने के निर्देश निर्माण विभाग को देते हुए समय पर थर्ड लाइन का कार्य करने हेतु प्रेरित किया. अधिकारियों ने निर्माणाधीन लिधौरा गूड्स शेड का भी निरीक्षण करके तेजी से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। इस निरीक्षण में मंडल के अधिकारियों के साथ ही स्टेशन स्टाफ, आर पी एफ



एवं अन्य विभाग के सुपर वाइजर भी उपस्थित थे.

# कर्नल बोले... शट अप एन्ड गेट आउट फ्राम हियर

## एसक्यूएई एलपीआर चुनाव अधिकारी की मुख्यालय शिकायत

जबलपुर यशभारत। खमरिया परिसर स्थित एसक्यूएई एलपीआर मे आगामी दिनों में होने वाले वर्क्स कमेटी के लिए सभी यूनियनों के साथ विचार विमर्श के दौरान उस समय बबाल हो गया जब एसक्यूएई वर्कर्स यूनियन ने गैर मान्यता प्राप्त बीपीएमएस यूनियन के साथ मान्यता प्राप्त इंटक के पदाधिकारियों के संयुक्त मोर्चा के प्रस्ताव पर सहमत हो गए।इतना ही नहीं उन्होंने मिले हाथ मशाल चुनाव चिन्ह की मांग की।इस पर मान्यता प्राप्त वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधियों ने विरोध जताया।इतना ही नहीं चुनाव अधिकारी नियुक्त किये गए कर्नल डी रंजीत कुमार मिले हाथ और मशाल चुनाव चिन्ह देने तैयार हो गए।

इस पर वर्कर्स यूनियन के सीएसएम चतुर्थ सदस्य जितेंद्र यादव संजीव धुसिया विनय सिंह पटेल विक्रांत यादव ने आपत्ति जताई।इनका कहना था कि एक तो इंटक के ऐसे व्यक्ति को बैठक में अनुमति दी जो न प्रत्याशी है और न ही इंटक का पदाधिकारी है।साथ ही आपत्ति जताई कि बीपीएमएस की यूनियन मात्र पंजीकृत है न कि मान्यता प्राप्त यूनियन है।न तो इंटक का अनधिकृत व्यक्ति बैठक में आ सकता है और न ही दोनों यूनियन संयुक्त मोर्चे के रूप में चुनाव चिन्ह की पात्र हैं।इस पर चुनाव अधिकारी डी रंजीत कुमार आपे से बाहर हो गए उन्होंने मान्यता प्राप्त वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधियों डपट दिया और गेट आउट फ्राम हियर बोल दिया।इस पर वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधि बैठक छो? कर बाहर आ गए।उनकी यूनियन ने इसकी शिकायत मुख्यालय सहित अपने फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव को करते हुए कहा कि तत्काल चुनाव अधिकारी बदला जाए।उनका कहना है कि चुनाव अधिकारी को निष्पक्ष होकर विधि सम्मत कार्यवाही करना चाहिए।लेकिन वे गैर कानूनी और पक्षपात कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिक विवाद अधिनियम1948 मे स्पष्ट प्रावधान है कि मान्यता प्राप्त यूनियन ही कामन सिम्बल के लिए अधिकृत है।बीपीएमएस यूनियन मात्र पंजीकृत संस्था है न कि प्रशासन द्वारा मान्यता प्राप्त है।लिहाजा चुनाव अधिकारी कतई ऐसा नहीं कर सकते हैं।इतना ही नहीं बैठक में सहायक श्रमायुक्त को भी आमंत्रित नहीं किया गया जो श्रम कानूनों के विशेषज्ञ और न ही उनसे कोई परामर्श लिया गया है। इसलिए विगत दिनों इस संबंध में दिल्ली मुख्यालय शिकायत भेजी गई है।

## दुकान संचालक से मारपीट कर तोड़फोड़ : पुरानी रंजिश के चलते दिया वारदात को अंजाम

**जबलपुर, यशभारत।** थाना गढ़ा में पुरानी रंजिश के चलते दबंग ने एक दुकान संचालक के साथ जमकर मारपीट करते हुए दुकान में तोड़फोड़ कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, फरार आरोपी की तलाश में जुटी है। जानकारी अनुसार नितिन शिवहरे 34 वर्ष निवासी शक्तिनगर बदनपुर ने पुलिस को बताया कि महेश किराना स्टोर्स के नाम से दुकान चलाता है ।

# सैनिक स्कूल खोलो और फ्री पास दो

## भावना एसोसिएशन की सरकार से मांग

जबलपुर यशभारत। भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन जबलपुर की 12वीं मासिक बैठक हरिशंकर परसाई भवन में आयोजित हुई। एसोसिएशन के अध्यक्ष आर. एस. तिवारी ने बताया कि सुरक्षा संस्थानों से सेवानिवृत्त पेंशनधारी कर्मचारी वर्ष 2006 के बाद रिटायरमेंट हुये हैं उन्हें ओव्हर टाईम एवं सी.सी.ए. जोड़कर हाउस रेंट का एरियर्स दिये जाने का मद्रास हाईकोर्ट के निर्णय अनुसार एरियर्स के भुगतान के लिये केट (न्यायालय) में मामला दाखिल हो गया है । जिसकी आगामी पेशी 20 अप्रैल 2022 को नियत है जबलपुर में एक सैनिक स्कूल भी 7 खोला जाये। इसके अलावा हमारी लंबित पड़ी मांगों को केंद्र सरकार से सेवानिवृत्त केन्द्रीय कर्मचारियों को हाउसरेंट एवं कन्वेंस अलाउंस दिये जाने, सुरक्षा संस्थानों से रिटायर कर्मचारी/अधि कारियों को वर्ष में एक बार फ्री पास देने, अधारताल में केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने, सी.एस.डी. कॅंटीन से सुरक्षा कर्मचारियों/अधि कारियों को लक्जरी आईटम देने, कटनी एवं इटारसी में सी.जी. एच.एस. की डिस्पेंसरी खोले जाने, जनवरी 2020 से जून 2021 के डी.ए. का एरियर्स देने, जबलपुर में सी. जी.एच.एस. के लाभार्थियों की संख्या 90 हजार को ध्यान में रखते हुये डिस्पेंसरियों की संख्या 15 किये जाने, कोरोना महामारी में कार्यरत् एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के जिस परिवार के मुखिया की मृत्यु हुई उनके परिवार के आश्रित को अनुकम्पा नियुक्ति देने, नगर निगम द्वारा जलकर की तरह सम्पत्ति कर में भी 25 प्रतिशत की छूट दिये जाने आदि मांगों पर विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की गई।

1 ग्राम ए.डी. एवं फैंसी ज्वेलरी के थोक विक्रेता
पूजा जैसा कोई न दूजा
पूजा इमीटेशन
पेपर कटिंग लाने पर एक जोड़ी ईयर रिंग फ्री
1 ग्राम गोल्ड शोरूम
मात्र 800 की खरीदी पर एक आईक्रोनिक काजल फ्री
पता: चूड़ी गली, अन्नपूर्णा मार्केट, गंजीपुरा, जबलपुर (म.प्र.) मो: 9826243750

आर.एण्ड आर. डायबिटिक एण्ड थायराईड क्लीनिक
Dr. Abhishek Shrivastav
MD DMsc Endocrinology (England)
Masters in Endocrinology RCP (England)
Editorial Board Member Joumal of Endocrinology and Metabolism Research
Editorial Board Member MSD Research Publication
देश के जाने माने थायराइड डायबिटीज हार्मोंस रोग विशेषज्ञ इंग्लैण्ड से प्रशिक्षित अपॉइटमेंट लेने का समय सुबह10 से शाम 6 बजे तक। मो. 7869022999, 9977369339
क्लीनिक: मदन महल थाने के पास, HP पेट्रोल पंप के सामने नेपियर टाउन, जबलपुर
समय: दोपहर 12 बजे से 7 :30 बजे तक
Regd. No. 31955

वास्तविक नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन
शंकरा आई फाउंडेशन के VISION 100000 प्रोजेक्ट के अंतर्गत
दक्ष नेत्रालय
लेंस का भी चार्ज नहीं
डॉ. चैताली पटेल हर्षे MBBS, MS, FLVPEI (LV PRASAD EYE INSTITUTE)
डॉ. कौस्तुभ हर्षे MBBS (AFMC), DNB (GOLD MEDAL), FVRS (SANKARA) रेटिना, यूवियाइटिस एवं ROP विशेषज्ञ
परामर्श शुल्क 350/-
प्रथम तल, ओमेगा चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर
9111021252, 0761-4925929, 7049984830
सोम- शनि । समय: 10AM-6PM

Trusted | Since- 2009
CCTV CAMERA
Sales & Sarvice
C.P. Plus, Hikvision, Dahua
AUTH.DEALER- G.S.ELECTRONIC
0% फायनेंस उपलब्ध हैं।
शॉप नं. 127, कठपुरा ब्रिज, हनुमान मंदिर के सामने, संजीवनी नगर, गढ़ा जबलपुर Mob:-9098983263,9131193852

स्माईल्स by डॉ. शंकरन
व्यापक दंत चिकित्सा एवं मौखिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र
केयर ऑफ मंजूषा नर्सिंग एवं मेटरनिटी होम किंग्सवे मेन रोड, सदर बाजार, जबलपुर (म.प्र.) 482001
0761-4098765, मो.9826110610
Website-www.smilesbydrshankaran.com
Email-info@smilesbydrshankaran.com
dr.abhilash@rocketmai.com
डॉ. अभिलाष शंकरन
बी.डी.एस., एम.डी.एस., (कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एण्ड एंडोडॉंटिक्स)
रजि नं. A- 1918
रूट कैनाल एवं सौंदर्य दंत चिकित्सा विशेषज्ञ
यहाँ दांतों की सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है।
- : सुविधाएँ उपलब्ध :-
दंतों की नस का इलाज ( रूट कैनाल ट्रीटमेंट ), कॉस्मेटिक डेंटिल फिलिंग।, दंतों के पीलेपन का उपचार ( डेंटल ब्लीचिंग )।, डेंटल एक्सरे।, दंतों की सफाई ( स्केलिंग ) एवं पायरिया रोग का उपचार।, फिक्स दॉत लगवाना ( सिरामिक एवं मेटल )।, टेढ़े दातों का इलाज ( आर्थोडोन्टिक ट्रीटमेंट )।, बत्तीसी लगवाना- फिक्स एवं निकालने वाली ( डेन्चर )।, बच्चों के दांतों का इलाज ( पीडोडोन्टिक ट्रीटमेंट )।, डेंटल इम्लांट।, डेन्टल ज्वेलरी।, सड़े हुए दातों को निकालना ( डेंटल एक्सट्रैक्शन )।

आवश्यकता है हेल्थ एवं लाइफ इंश्योरेंस
विश्व की बहुचर्चित कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। मार्केटिंग वालों को प्रथम प्राथमिकता
योग्यता- 10वीं से स्नातक
शीघ्र संपर्क करें
वेतन 5 अंकों में
मो. 9300068860, 7987249262

श्री लक्ष्मी मेडिकल
यहां सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध, साथ ही पायें 15 से 70 प्रतिशत तक की छूट
त्रिवेणी हेल्थ केयर के सामने राइट टाउन स्टेडियम के पास
मो. 9977213219,7691912082

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU. मुखर्जी हॉस्पिटल
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
डॉ अभिजीत मुखर्जी ( वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ )
डॉ हर्ष सक्सेना ( वरिष्ठ न्यूरो सर्जन )
डॉ तरून नागपाल ( वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट )
डॉ विशाल वडेरा ( वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ )
डॉ एम. चंसौरिया ( वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ )
डॉ प्रशांत कुशवाहा ( वरिष्ठ न्यूरो सर्जन )
डॉ पुनीत भल्ला ( एम.डी. काडियोलॉजिस्ट )
डॉ अखिलेश पटेल ( छाति एवं सांस रोग विशेषज्ञ एम.डी )
डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S ( वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ )
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, ( POISON-UNIT ) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा, उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग- पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, नि:शुल्क उपलब्ध।
पता:- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्र:-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोन:- 0761- 4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल (E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com)

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

प्रो. प्रेरणा रोहरा
कुल्हड़ वाला -गरमागरम
केसर दूध
सूखे मेवे से भरपूर
विजय नगर, एकता चौक, जेन्ट्री गेट के नीचे
शाम- 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक (अवश्य पधारें) मो. 7974758785

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
मकर संक्रांति के फ्रुट आयटम उपलब्ध
चना, रेबड़ी, गजक, ड्रायफ्रूट
नमकीन, तोस, लईया, लड्डू, भेल
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
मैरिज स्पेशल शूज
डीसेन्ट फुटवेयर
Exclusive Party Shoes
करमचंद चौक, जबलपुर
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
मो.: 9425159114, 8982481114

# जिला प्रशासन ने मुक्त कराई 20 करोड़ की जमीन



**करीब 5 एकड शासकीय भूमि पर मोईनुद्दीन ने किया था**



**जबलपुर, यशभारत। तहसील अधारताल अंतर्गत ग्राम कुदवारी की शाशकीय भूमि खसरा नंबर 77 रकबा 4.92 एकड के बीच रोड बनाकर कब्जा किया गया था एवं शेष भूमि पर फसल बोई गई व मकान की नींव डाली गई थी जिसे आज गुरुवार को कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देशन में राजस्व, पुलिस व नगर निगम के संयुक्त दल द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया ।**

उपस्थित व्यक्तियों ने बताया की शासकीय भूमि पर रोड का निर्माण माफिया हामिद हसन के भाई मोईनुद्दीन पिता शाबिर द्वारा बनाया गया था जिसके बाद यहा प्लाटिंग की जाने वाली थी जिसे नष्ट कराया गया, मौड पर ममता रैकवार पति अमन द्वारा अनाधिकृत मकान बनाया जा रहा था जिसे भी हटाया गया व शेष भूमि पर प्रेमलता श्रीवास्तव द्वारा अधिया बटाई पर अनाधिकृत रूप से दिया गया था जिस पर संजय यादव व् अतिबल कोल पिता लक्ष्मन द्वारा बोर के साथ फसल बोई गई थी जिनका भी अतिक्रमण हटाया गया । भूमि व अन्य संरचना की कुल कीमत लगभग 20 करोड रुपये है । कार्यवाही के दौरान मौ? पर एस डी एम आधारताल नम: शिवाय अरजरिया, तहसीलदार राजेश सिंह, नायब तहसीलदार संदीप जायसवाल, सीएसपी अखिलेश गौर, सीएसपी आधारताल, थाना प्रभारी शैलेश मिश्रा मय पुलिस बल व नगर निगम की अतिक्रमण प्रभारी सागर बोरकर व उनका दल मौजूद रहा ।



# बबलू पंडा के हत्यारे की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

**आरोपी नीरज सोनकर ने सबूत न होने के आधार पर लगाई थी याचिका, कोर्ट ने अस्वीकारा**

**जबलपुर, यशभारत।** मण्डला जिला स्थित बीजाडांडी दशमेश ढाबा में 12 अगस्त की रात जबलपुर निवासी बबलू पंडा की हत्या के मामले में हाईकोर्ट ने आरोपी नीरज सोनकर की जमानत याचिका को आज खारिज कर दिया। बबलू पंडा हत्याकांड के मामले में घटना में शामिल दस आरोपियों में से एक आरोपी नीरज सोनकर द्वारा हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी जिसकी सुनवाई करते हुए आज मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजय द्ववेदी ने सुनवाई की। आरोपी द्वारा जमानत का मुख्य आधार अपने खिलाफ पर्याप्त सबूत न होने का हवाला दिया गया था, जिस पर पीडित पक्ष के वकील, अधिवक्ता मनीष दत्त द्वारा जमानत याचिका का विरोध करते हुए माननीय न्यायाधीश के समक्ष इस बात के साक्ष्य रखे कि, उक्त वारदात में प्रयुक्त होने वाली



पिस्तौल नीरज सोनकर के पास से ही जब्त की गई है, वही एफएसएल रिपोर्ट में भी उक्त पिस्तौल से गोली चलने की बात कही गई है। अधिवक्ता मनीष दत्त ने कोर्ट के समक्ष उक्त रिपोर्टो को आधार बनाकर आरोपी को जमानत लाभ देने में आपत्ति जताई जिस पर सहमत होते हुए माननीय न्यायाधीश द्वारा आरोपी की जमानत का लाभ देने से मना करते हुए याचिका को खारिज कर दिया।

### यह है मामला

मण्डला जिले के अंर्तगत आने वाले बीजाडांडी क्षेत्र में 12 अगस्त की रात दशमेश ढाबा में बबलू पंडा की हत्या को अंजाम दिया गया था। पुलिस के आरोपपत्र में घटना की तैयारियों के विषय में सिलसिलेवार बताया गया है। जिसमें यह स्पष्ट है कि पैसों के लेन देन के चलते बबलू पंडा की हत्या की गई थी, जिसके लिये आकाश सोनकर नामक आरोपी द्वारा उसके ही घर पर षणयंत्र रचा गया था और उसके ही फॉच्यूनर वाहन में हथियारों को रखा गया। हमले की पूर्व आरोपियों द्वारा बबलू पंडा के आने जाने पर पूरी नजर रखी जा रही थी और घटना के दिन सभी आरोपी दशमेश ढाबा के जंगलों में जा छुपे थे और रात में जैसे ही बबलू पंडा दशमेश ढाबा पहुंचा तो उस पर गोलियों से दनादन वार कर उसकी हत्या को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने मामले में दस आरोपी बनाए गए थे।

# बमबाजी का आरोपी तलवार के साथ गिरफ्तार

**पुरानी रंजिश का बदला लेने दिया था वारदात को अंजाम**

**जबलपुर, यशभारत।** घमापुर थाना अंतर्गत गुरुवार की दरमियानी रात पुरानी रंजिश के चलते क्षेत्र के पुराने बदमाश ने आने दो साथियों के साथ मिलकर जमकर बमबाजी की और मौके से फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को तलवार के साथ दबोच लिया। पकड़ा गया आरोपी पर पूर्व में भी जिला बदर की कार्रवाई हो चुकी है, जिससे पूछताछ जारी है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि राहुल यादव निवासी घमापुर ने बताया कि नर्मदा जयंती के दौरान झगड़ा हुआ था। जिसके चलते पुराने बदमाश सोनू पासी ने साथियों के साथ मिलकर उसके घर में जमकर बमबाजी कर और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

### जा रहा था वारदात को अंजाम देने

पुलिस ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी सोनू पासी को दरमियानी रात दबोच लिया गया। जिसकी तलाशी लेने पर तलवार खोंसे मिला। पकड़ा गया आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने जा रहा था। जिससे पूछताछ जारी है।

### दो साथी फरार

पुलिस ने बताया कि बमबाजी के बाद गिरफ्त में आए आरोपी सोनू पास के दो अन्य साथी मौके से फरार है। जिनकी तलाश की जा रही है।

## जबलपुर में राजस्व सेवा अभियान

# पटवारी-आरआई और अन्य अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ा, परेशान हो रहे ग्रामीण

जबलपुर, यशभारत। जिलें की सभी तहसीलों में कैम्प लगाकर राजस्व अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की समस्या का निराकरण किया जाना है। इसके लिए शासन स्तर से राजस्व सेवा अभियान शुरू किया गया है। लेकिन जिले की किसी भी तहसील में इस अभियान की शुरुआत होते नहीं दिख रही है।



इतना ही नहीं जिन लोगों ने सीएम हेल्प लाइन में शिकायत दर्ज कराई है या फिर तहसील में आवेदन देकर समस्या निपटाने का निवेदन किया है। उन समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है । प्रदेश सरकार ने जिले की आबादी भूमि का मालिकाना हक देने के लिए राजस्व अधिकारियों को सर्वे कराने के आदेश दे रखे हैं। यह काम भी ठप प?ा है, इस काम को करने में पटवारी-आरआई की टीम रुचि नहीं दिखा रही है। राजस्व अधिकारियों को दिए गए निर्देशों का पालन किसी भी राजस्व ग्राम में नहीं हो रहा है।

### इन अफसरों को करना था निरीक्षण

राजस्व अधिकारियों, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरआई एवं पटवारियों को भूमि विक्रय की जमीनों का स्थल निरीक्षण कर नक्शा एवं लोकेशन के साथ प्रकरण बनाना है और राजस्व सेवा अभियान के तहत इस प्रकार के प्रकरणों का निपटान भी किया जाना है।

### इन समस्याओं का निराकरण किया जाना था

आबेदनों, शिकायतों के अंतर्गत सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, राजस्व रिकार्ड में सुधार, आवश्यकता अनुसार भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका का वितरण करना, रास्ते संबंधी विवाद का निराकरण एवं सार्वजनिक मार्ग, चरनोई भूमि, श्शमशान भूमि, मंदिर की भूमि, सार्वजनिक स्थान आदि के अतिरिक्त नदी-नालों पर अतिक्रमण को रोकना एवं अतिक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर स्थल का मौका मुआयना कर किये गये अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाना, राहत राशि एवं दुर्घटना संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जाना है।

### नहीं हो रही सुनवाई

आरआई एवं पटवारी राजस्व की महत्वपूर्ण कडी हैं। राजस्व सेवा अभियान में गति लाने के लिए क्षेत्र के बीएलओ एवं सचिव से समन्वय स्थापित करके फौती व्यक्ति का नाम खसरे से बिलोपित करने के निर्देश हैं। फिर भी इस दिशा में सुनवाई नहीं हो रही है।

### पटवारियों ने काम नहीं किया

प्रत्येक पटवारियों को अपने हल्का क्षेत्र में भ्रमण करने के निर्देश शासन स्तर से हैं, जिससे कि राजस्व सेवा अभियान के प्रकरणों के निशकरण के साथ-साथ बीपीएल के अपात्र व्यक्तियों का नाम विलोपित करने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों के नाम जो?ने की कार्रवाई हो सके। प्रत्येक पटवारी को अपने क्षेत्र में बैंकों के मैनेजर से सम्पर्क कर भूमि बंधक की जानकारी भी संकलित करना है। भू-अभिलेख अधीक्षक पटवारियों को प्रशिक्षण देकर ऑनलाइन डाटा फीडिंग के संबंध में दक्ष बनाना है। लेकिन जिला स्तर पर इन कामों पर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है।

### मोबाइल नंबर वेरीफिकेशन भी करना था

खातेदारों का मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर, वोटर आईडी नम्बर सभी का वेरीफिकेशन कराकर खातेदारों के खाते में दर्ज करने के निर्देश हैं। साथ ही आरआई, पटवारी राजस्व सेवा अभियान में गति लाने के लिए सीमाकंन और नामाकंन, नवशा तरमीम, बंटवारा, आरसीएमएस पोर्टल में पीएम एवं सीएम किसानों का डाटा शत- प्रतिशत दर्ज करने हैं, पात्र किसान को पीएम एवं सीएम किसान योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ ले सकें, इस दिशा में काम करना है।

# खलिहान के पास मिली युवक की जली हुई लाश : क्षेत्र में हड़कंप

**नहीं हो सकी शिनाख्त, मामले की जांच जारी**

**जबलपुर, यशभारत।** कुंडम के ग्राम तोरी के पास एक खेत में एक युवक की जली हुई लाश मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है। जानकारी अनुसार थाना प्रभारी प्रताप सिंह मरकार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम तोरी के तालाव के पास, खलिहान के सपीम एक अज्ञात युवक का शव मिला है। जिसकी उम्र करीब 35 से 40 साल है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि युवक विक्षिप्त था और यहां ठंड से बचने के लिए आग सेंक रहा था, जिसके चलते वह आग के संपर्क में आ गया और उसकी मौत हो गयी। आसपास के अन्य गांवों के निवासियों से पूछताछ की जा रही है, लेकिन अभी तक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मामले की जाचं जारी है।

# सात फेरे लेने का वायदा कर, पढ़ाई के लिए दिए थे 35 हजार रुपए

**नहीं लौटाने पर युवक ने किया कुल्हाड़ी से हमला आरोपी गिरफ्तार**

**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा में पैसे के लेनदेने का एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। जिसमें युवती के माता पिता ने एक युवक को झांसे में लेकर कहा कि वह अपनी बेटी की शादी उससे कर देंगे, लेकिन वह उसकी पढ़ाई में मदद कर दे। जिसके बाद युवक ने 35 हजार रुपए की मदद कर दी। वहीं, दो वर्ष बीत जाने के बाद भी जब युवती ने पैसे नहीं लौटाए और ना ही साथ में सात फेरे लिए । जिसके बाद गुस्साए युवक ने युवती के पैर में कुल्हाड़ी से हमला कर, घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज होते हुए आरोपी को दबोच लिया है, जिससे पूछताछ जारी है। गढ़ा थाना प्रभारी राकेश तिवारी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता प्रियंका रजक ने पुलिस को बताया कि वह गढ़ा देवताल की निवासी है। विगत दिनों उसने सूपाताल निवासी अतुल रजक से पढ़ाई करने के लिए 35 हजार रुपए लिए थे, जिसमें से वह 10 हजार कीमती मोबाइल लौटा चुकी है। बाकी के 25 हजार रुपए बचे है। जिसको लेकर झगड़ा हो गया।

### शादी कराने का था वायदा

पुलिस ने बताया कि पूरा मामला आपसी संबंधों में पैसे के लेन-देने से जुड़ा है।

युवक इन इस शर्त पर युवती की मदद की थी कि वह पढ़ाई कर, उसके साथ सात फेरे लेगी। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। जिसके बाद युवक गुस्से में आ गया और उसने इस पूरी वारदात को अंजाम दे डाला।

# कलियुगी बेटे ने माँ पर लाठियों से हमला कर किया लहूलुहान

जबलपुर, यशभारत। थाना पनागर में एक कलियुगी बेटे ने घरेलु बात को लेकर अपनी मां पर लाठियों से वार कर, लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

जानकारी अनुसार श्रीमती सपना बाई बर्मन 44 वर्ष निवासी अभिमन्यू चौक पनागर ने बताया कि अपने दामाद अनिल बर्मन को मेडिकल कॉलेज से देखकर घर आई थी देखी कि घर की दीवार टूटी हुयी थी, उसने अपने बेटे हर्ष से पूछा कि दीवार क्यों टूटी है इसी बात को लेकर हर्ष उसके साथ गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो लाठी से हमलाकर जख्मी कर दिया। उसके दूसरे बेटे अमन ने बीच बचाव किया तो हर्ष जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

# जबलपुर में पहली बार नि:शुल्क कृत्रिम हाथ लगाने का केम्प 13 को

जबलपुर, यशभारत। घर की पाठशाला और हरि-कृष्णा फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क कृत्रिम हाथ का केम्प का आयोजन 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे सिंधु नेत्रालय जिलहरी घाट पर कलेक्टर डॉक्टर इलैया राजा टी द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जावेगा । इस केम्प में जिन लोगों के हाथ कोहनी से नीचे कटे हुए है, ऐसे लोगों को अमेरिका में बना कृत्रिम हाथ बिल्कुल मुफ्त में लगाया जाएगा। यह हाथ लगने के बाद व्यक्ति बहुत से काम कर

### कलेक्टर डॉक्टर इलैया राजा टी द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम का किया जावेगा शुभारंभ

सकता है, जैसे लिखना, चमच्च पकड़ के खाना, बाइक कार या साईकल चलाना, रोटी बेलना, सब्जी काटना, रसोई का काम, समान उठाना, ब्रस करना, मजदूरी का काम करना और भी बहुत कुछ कर सकते हैं। घर की पाठशाला की संस्थापक सोनू भाटिया, डॉक्टर ऋषि सागर और पल्लवी गुप्ता ने बताया कि इस कैम्प में बिल्कुल नि:शुल्क ही लगाया जा रहा है। इसमें किसी भी तरह का ऑपरेशन नही करना पड़ता हैं। ये हाथ घड़ी की तरह कभी भी लगाया या खोला जा सकता है। श्रीमती भाटिया ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी ऐसे व्यक्ति को जानते हो जिनका हाथ कोहनी से नीचे कटा हुआ हो और मूल हाथ का कम से कम 3 इंच हिस्सा मौजूद हो ऐसे लोगों तक ये जानकारी पहुचाये। इसका रजिस्ट्रेशन शूरु हो गया है। घर की पाठशाला की संस्थापक सोनू भाटिया, डॉक्टर ऋषि सागर और पल्लवी गुप्ता के पास रजिस्ट्रेशन करवा सकते है।

### रजिस्ट्रेशन के लिए इस नंबर पर व्हाट्सएप करे

श्रीमती सोनू भाटिया 8989891139, डॉक्टर ऋषि सागर 94070 20359 वा पल्लवी गुप्ता 74893 76919 से संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

# पांच करोड से अधिक का रेल राजस्व अर्जित किया

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल ने 2022 के जनवरी माह में भी लादान और राजस्व में माल ढुलाई के आंक?ों में उतरोत्तर वृद्धि प्राप्त कर रही है । मिशन मो? के तहत पमरे ने तीनों मंडलों में माह जनवरी 2022 में लोडिंग के क्षेत्र में नयी-नयी दशाओं और दिशाओं को खोज कर नये आयाम स्थापित किये है। तीनों मण्डलों में व्यापार विकास इकाइयां (बीडीयू) स्थापित किया गया है। जिसमें रेल अधिकारियों एवं लोडिंग करने वाले व्यापारियों का समूह नामित होता है। गौरतलब है कि माल ढुलाई को बेहद आकर्षक बनाने के लिए रेलवे द्वारा कई तरह की रियायतें/छूट एवं सुविधाएं भी दी जा रही हैं। जिससे व्यापारी अधिक से अधिक रेलवे की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। इसके अंतर्गत पमरे ने अपने परंपरागत माल ढुलाई के अलावा अन्य नए माल उत्पादको को ढूंढ निकाला है और उनकी सुविधानुसार साइडिंगो को खोलने का उपक्रम भी किया। जिसके सुखद और लाभदायक परिणाम स्वरूप पमरे ने माह जनवरी 2022 में रुपये 05 करोड़ से अधिक रेलवे राजस्व प्राप्त किया।

### इन वस्तुओं की ढुलाई में किया राजस्व अर्जित

मिशन मो? पर पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों में स्थापित बीडीयू मार्केटिंग के तहत जिन नयी एवं पराम्परागत प्रमुख वस्तुओं से माल ढुलाई में रेल राजस्व प्राप्त किया है वह निम्नानुसार है।*

फर्टिलाइजर (उर्वरक) लोडिंग :- जबलपुर मण्डल ने फ्रेट लोडिंग के तहत मकरोनिया स्टेशन से सिलियारी, बिश्रामपुर एवं भाटापारा स्टेशनों के लिए 03 रेकों फर्टिलाइजर की लोडिंग की गई। जिससे रेलवे को रुपये 66 लाख की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई।



ऑटोमोबाइल लोडिंग :- जबलपुर मण्डल ने नयी फ्रेट लोडिंग के तहत भे?घाट स्टेशन से कन्नूर के लिए 01 रेक ऑटोमोबाइल की लोडिंग की गई। जिससे रेलवे को रुपये 43 लाख की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई।भोपाल मंडल में एलपीजी लोडिंग इसी तरह से भोपाल मण्डल ने नयी फ्रेट लोडिंग के तहत रेलवे को र39.57 लाख की अर्जित की वही फिटकरी लोडिंग (एलम) - कोटा मण्डल ने नये ट्रैफिक स्ट्रीम के तहत रेलवे को रुपये 35.14 लाख की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई।

**राख? लोडिंग :-** भोपाल मंडल के बीना रिफाइनरी प्लांट साइडिंग (बीआरएसएम) से एसीसी साइडिंग लखनऊ मंडल के लिए 03 रेक की राख? लोडिंग की गई। जिससे रेलवे को रुपए 39.83 लाख की आय प्राप्त हुई।

**लाल गेरू पाउडर की लोडिंग :-** कोटा मण्डल के सवाई माधोपुर स्टेशन से गॉगल सीमेंट वर्क्स किरतपुर अम्बाला मण्डल के लिए 01 रेक लाल गेरू पाउडर बुक किया गया। जिससे रेलवे को रुपये 34.29 लाख की आय प्राप्त हुई।

**खाद्यान्न लोडिंग :-** जबलपुर मण्डल के बागरातवा स्टेशन से गांधीधाम स्टेशन (अहमदाबाद मण्डल) के लिए 06 रेक खाद्यान्न की लोडिंग की गई। इससे रेलवे को रुपये 02 करो? की आय प्राप्त हुई।

**मिक्स कमोडिटी लोडिंग :-** भोपाल मण्डल के मण्डीदीप स्टेशन से बेनापोल स्टेशन के लिए 01पार्सल रेक धागें और कप? की लोडिंग और इसके अतिरिक्त मण्डीदीप स्टेशन से संकरैल गुड्स टर्मिनल यार्ड (ख?गपुर मण्डल) के लिए जनरल गुड्स की लोडिंग की गई। जिससे रेलवे को रुपये 49.39 लाख की आय प्राप्त हुई।

पश्चिम मध्य रेल में माल ढुलाई को बहुत आकर्षक एवं व्यापारियों को सुलभ और सुविधाजनक बनाने के लिए कई तरह के रियायतें/छूट भी दी जा रही है। छोट व्यापारियों के माल को ध्यान में रखकर नियमों में शिथिलता प्रदान की गई है। रेकों की ट्रेकिंग कर व्यापारियों को उनके कंसाइनमेंट की समय पर सटीक जानकारी दी जा रही है। मौजूदा नेटवर्क में मालगाड़ियों की गति में वृद्धि की गई है।मालगा?ियों में गति में वृद्धि होने से हितधारकों की लागत में आश्चर्यजनक बचत हो रही है।

उपरोक्त के अतिरिक्त प्रबंधन प्रणाली को मजबूत और मित्रवत बनाकर माल ढुलाई के क्षेत्र में पश्चिम मध्य रेल नये-नये आयाम स्थापित कर रहा हैं।

# उधारी के 8 हजार रुपयों को लेकर दो पक्ष भिड़े

**प्राणघातक हमला कर सिर किया लहूलुहान**

**जबलपुर, यशभारत। लाईगंज के निवाड़गंज में उधारी के 8 हजार रुपयों को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। जिसमें किराना दुकान संचालक पर हमला करते हुए चार युवकों ने डोसा बनाने वाली झरिया से सिर में वार कर, लहूलुहान कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष ने मारपीट का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।**

जानकारी अनुसार पुलिस को सचिन केशरवानी 42 वर्ष निवासी नारियल वाली गली निवाड़गंज ने बताया कि वह किराना दुकान चलाता है । उसने भैयू से अपने किराना दुकान की उधारी के 8 हजार रूपये मांगे तो भैयू उसे पैसा देने से मना करते हुये गाली गलौज करने लगा, उसने एवं उसके बड़े भाई विपिन केशरवानी ने गाली गलौज करने से मना किये तो भैयू ने डोसा बनाने वाली झरिया से उस पर एवं उसके बड़े भाई विपिन केशरवानी पर प्राणघातक हमला कर दिया। हिमांशु ने रॉड से हमला कर दोनों के सिर में तथा जित्तू ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। मारपीट कर चारों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

### उधारी को लेकर उपजा विवाद

वहीं शिवा केशरवानी 39 वर्ष निवासी घमण्डी चौक ने पुलिस को बताया कि घमण्डी चौक में कैलाश मसाला डोसा की दुकान चलाता है उसकी दुकान का किराना सचिन केशरवानी की दुकान से उधार आता है। सचिन को किराने की उधारी के 2500 रूपये देना बाकी था। रात को सचिन केशरवानी उसकी दुकान पर उधारी के पैसे लेने आया तो उसने रूपये देने से मना करते हुये बाद में देने के लिये कहा । इसी बात को लेकर सचिन एवं सचिन का भाई टिंकू केशरवानी दोनों उसके साथ गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो टिंकू ने मारपीट कर दी। इतना ही नहीं मनीष बर्मन, हिमांशु केशरवानी बीच बचाव करने लगे तो सचिन और टिंकू केशरवानी ने मनीष एवं हिमांशु के साथ मारपीट कर दी और मौके से फरार हो गए।

### आम सूचना

मैं अखिलेश पटेल उम्र 58 वर्ष पिता सीताराम पटेल यह घोषणा करता हूं कि मेरे वाहन क्र MP 20 WA 9993 के महिन्द्रा फाइनेंस के जबलपुर शाखा की लोन खाता क्रमांक 31082018 की बैंक NOC मुझसे कहीं खो गयी है जो कि आज दिनांक तक अप्राप्त है। डुप्लीकेट NOC जारी करवाने हेतु मैंने शपथ पत्र प्रस्तुत किया है।

पता:
ग्राम पंचायत
गौन्हचर, जिला नरसिंहपुर

# बौछारें पड़ीं, रात के तापमान में गिरावट के आसार



**भोपाल ।** अलग-अलग स्थानों पर बने तीन वेदर सिस्टम के असर से मध्यप्रदेश के जबलपुर, शहडोल, सागर संभागों के जिलों में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात में कहीं-कहीं बौछारें पड़ीं। उधर हवा का रुख दक्षिणी होने से बादल छाने के कारण अधिकतर जिलों में दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक गुरुवार को भी छत्तीसगढ़ से लगे जिलों में बौछारें पड़ सकती हैं। सिस्टम कमजोर पड़ने के कारण गुरुवार से रात के तापमान में भी गिरावट होने की संभावना है। उधर बुधवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक उमरिया में चार मिलीमीटर बारिश हुई।

### तीन वेदर सिस्टम के कारण हो रही बारिश

मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान और उससे लगे उत्तर भारत पर बना हुआ है। इसके असर से पूर्वी राजस्थान में हवा के ऊपरी भाग में एक प्रेरित चक्रवात बन गया है। इस चक्रवात से लेकर पश्चिमी मप्र से होकर कर्नाटक तक एक ट्रफ बना हुआ है। इन तीन वेदर सिस्टम के कारण पूर्वी मप्र में कहीं-कहीं बारिश हो रही है। हवा का रुख दक्षिणी बना रहने से आंशिक बादल बने हुए हैं। इससे अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जबकि रात का तापमान बढ़ गया। इसी क्रम में बुधवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य रहा। साथ ही बुधवार के अधिकतम तापमान 29.7 डिग्रीसे. की तुलना में 2.2 डिग्रीसे. कम रहा। न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्रीसे. रिकार्ड किया गया। यह सामान्य से तीन डिग्रीसे. अधिक रहा। यह बुधवार के न्यूनतम तापमान 11 डिग्रीसे. के मुकाबले 3.6 डिग्रीसे. अधिक रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि गुरुवार को वेदर सिस्टम के कमजोर पड़कर छत्तीसगढ़ की तरफ बढ़ने की संभावना है। हालांकि गुरुवार को भी छत्तीसगढ़ से लगे मप्र के मंडला, बालाघाट आदि जिलों में कहीं-कहीं बौछारें पड़ सकती हैं। गुरुवार से न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की भी संभावना है।




# कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षिक सत्र 2021-22 की कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। संचालक लोक शिक्षण श्री के.के. द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश के सभी शासकीय हाई और हायर सेकेंडरी विद्यालयों में कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षा सुबह 8:30 से 11:30 के बीच आयोजित की जाएगी । कक्षा नौवीं की परीक्षा 16 मार्च से 12 अप्रैल 2022 और कक्षा 11वीं की परीक्षा 15 मार्च से 13 अप्रैल 2022 तक आयोजित की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षाओं के संचालन के संबंध में सभी संभागीय संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी और विद्यालयों के प्राचार्य को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सभी विद्यालयों में प्रश्न पत्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। परीक्षा केंद्र पर सभी परीक्षार्थियों को सुबह 8 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में सुबह 8:15 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा केंद्र पर सभी परीक्षार्थियों को कोविड-19 सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। परीक्षा शुरू होने के 10 मिनट पहले छात्रों को उत्तर पुस्तिका और 5 मिनट पहले प्रश्न पत्र दिए जाएंगे। सभी श्रेणी के दिव्यांग विद्यार्थियों को 20 मिनट प्रति घंटे के हिसाब से अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की जाएगी।



# 4 साल के अंदर ही चार एकड़ जमीन की मालकिन बन गई निर्मला

**भोपाल।** बैरसिया के बसई गांव की गोसेवा भारती गोशाला के मामले में एक राजपाश हुआ है। गोशाला का पंजीयन 25 सितंबर 2001 को हुआ था। इसके ठीक चार साल बाद ही गोशाला संचालिका निर्मला देवी शांडिल्य करीब चार एकड़ जमीन की मालकिन बन गई थी। बैरसिया के करारिया में यह जमीन है, जिसे 2 मई 2005 को निर्मला के नाम पर किया गया था। जब इस संबंध में निर्मला से बात की गई तो उसने बताया कि यह जमीन उसे दोस्त ने उपहार में दी थी, जिसका नाम वह नहीं बताना चाहती है। इस स्थिति सवाल यह उठता है कि आखिर कैसे गोशाला खुलने के चार साल के अंदर ही निर्मला चार एकड़ जमीन की मालकिन बन गई।

### दो साल में मिला 21 लाख रुपये का अनुदान

कार्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं से मिली जानकारी के अनुसार निर्मला शांडिल्य को दो साल के अंदर 21 लाख नौ हजार 28 रुपये का अनुदान दिया गया। 2019-20 में 8 लाख 89 हजार 648 रुपये तो 2020-21 में 12 लाख 19 हजार 380 रुपये का अनुदान दिया गया। निजी अनुदान के बारे में संचालिका ने कुछ नहीं बताया। हालांकि निर्मला का कहना है कि कोई-कोई किसान कभी-कभी 100-200 रुपये दे जाता था। भोपाल में तीन साल की मासूम से दरिंदगी, खिलाने के बहाने ले गया पड़ोसी और करने लगा गंदा काम, चीख सुनकर लोगों ने बचाया बता दें कि मंगलवार को प्रशासन ने बसई में गोशाला की करीब ढाई एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटा दिया है, जिसकी अनुमानित कीमत 60-70 लाख रुपये के आसपास बताई जा रही है। प्रशासन द्वारा एसडीएम बैरसिया आदित्य जैन की अगुवाई में यह कार्रवाई की गई थी। सरकारी जमीन जिसका रकबा करीब ढाई एकड़ बताया जा रहा है, उस पर मकान बनाकर, फसल बोकर, फेंसिंग एंव अन्य प्रकार से किए गए अतिक्रमण हटाए गए। वहीं इस दौरान यहां बनी गोशाला के अलावा मकान, बाउंड्रीवाल, टीनशेड दूध देने वाली गायों के लिए बनाए गए पक्के मकान को ढहाया गया। इसमें 21 हजार वर्गफीट क्षेत्र में बने मकान भी शामिल हैं। बता दें कि गोशाला में मौजूद 250 गायों को अन्य गोशालाओं में शिफ्ट कर दिया गया है। वहीं 15 गाय ऐसी हैं, जिन्हें गोशाला संचालिका रही निर्मला शांडिल्?य ने निजी गाय बताया है। इन्हें संचालिका को सौंप दिया गया।

### 10 फरवरी को सौंपी जाएगी मजिस्ट्रियल जांच रिपोर्ट

पिछले आठ दिनों से चल रहा जांच का सिलसिला अब अपने अंतिम दौर में है। बैरसिया एसडीएम आदित्य जैन ने बताया कि इस पूरे मामले में मजिस्ट्रियल जांच रिपोर्ट 10 फरवरी को कलेक्टर को सौंपी जाएगी। जांच रिपोर्ट सौंपने के बाद पुलिस की कार्रवाई शेष रहेगी। फिलहाल गोशाला संचालिका के खिलाफ बांड ओवर की कार्रवाई भी की गई हैं।

# किसानों को एक साथ मिलेगा खरीफ और रबी फसल का बीमा

### सरकार ने गठित की चार नगर परिषद



**भोपाल।** प्रदेश के किसानोंको खरीफ सीजन 2020 और रबी सीजन 2021 का फसल बीमा एक साथ मिलेगा। इसके लिए 12 फरवरी को जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बैतूल मेंआयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वहीं, मंत्रियों को अलग-अलग जिलों में भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम के संबंध में बुधवार को मंत्रियों से चर्चा की। इसमें तय किया गया कि प्रदेश में एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें किसानों को खरीफ और बी फसलों को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की पूर्ति के लिए फसल बीमा की राशि सीधे खातों में अंतरित की जाएगी। बैतूल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ कृषि मंत्री कमल पटेल और बैतूल के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार भी मौजूद रहेंगे। प्रदेश सरकार ने चार नगर परिषद का गठन किया है। सिंगरौली जिले में बरगवां और सरई, सागर जिले में कर्रापुर और अनूपपुर जिले में बरगवां (अमलाई) नगर परिषद गठित की गई हैं। इन्हें मिलाकर अब प्रदेश में नगर परिषद की संख्या 298 हो जाएगी। वहीं, सागर की गढाकोटा नगर पालिका की सीमा मेंविस्तार करते हुए मगरधा, बेलई, संजरा, बसारी और बरखेरा गौतम ग्राम पंचायत के गांवों को शामिल किया गया है।

### संजय शुक्ला को गैस राहत त्रासदी विभाग का अतिरिक्त प्रभार

सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन संजय कुमार शुक्ला को भोपाल गैस राहत त्रासदी, राहत एवं पुनर्वास तथा प्रवासी भारतीय विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान के 16 फरवरी तक अवकाश पर होने की वजह से यह व्यवस्था बनाई गई है।

# काजियात से कराया तलाक, प्रकरण दर्ज

**भोपाल।** राजधानी में महिला थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके शौहर के खिलाफ मुस्लिम विवाह संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में अभी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई है। महिला थाने के एसआइ महेश गौतम ने बताया कि अरेरा कालोनी निवासी 25 वर्षीय महिला की शादी दिसंबर-2018 में सिंगारचोली निवासी फरहान खान से हुई थी। फरहान निजी काम करता है। उनका एक बेटा भी है। शादी के कुछ माह बाद फरहान ने दहेज के लिए पत्नी को परेशान करना शुरू कर दिया। परेशान होकर महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

# अनाथ बच्चों का आशियाना



### सिखाए जा रहे उनकी जड़ों से जुड़े संस्कार

**भोपाल।** आमतौर पर जब बच्चे विभिन्न परिस्थितियों की मार झेलते हुए किसी अनाथाश्रम पहुंचते हैं तो वे वहां रहकर अपनी पिछली जिंदगी भूल जाते हैं। हालांकि इनमें से कुछ ऐसे भी होते हैं, जो एक उम्र के साथ समझ विकसित होने के बाद अपने परिवार की कमी महसूस करते हैं। उन्हें अपनी जैसी भाषा व धार्मिक मान्यताओं को मानने वालों की कमी खलती है। वे अपने माता-पिता के साथ मनाए जाने वाले त्योहारों व रीति-रिवाजों को याद करते हैं। ऐसे बच्चों की मासूम भावनाओं और उनकी पृष्ठभूमि को ध्यान में रखकर पालन-पोषण करने का जिम्मा शहर की खजूरीकलां स्थित सेव अवर सोल चिल्ड्रेन विलेजेस आफ इंडिया (एसओएस बालग्राम) की भोपाल शाखा ने उठाया है। यहां बच्चों का उनकी धार्मिक मान्यताओं व संस्कारों के अनुसार पालन-पोषण किया जा रहा है। दरअसल, एसओएस बालग्राम में कुल 16 घर बनाए गए हैं। इन्हें नंबर के साथ नाम भी दिए गए हैं। इनमें 18 से कम उम्र के 140 बच्चे रह रहे हैं। इन घरों का जिम्मा अलग-अलग 16 माताओं के पास है। प्रत्येक मां के साथ कुछ बच्चे भी रहते हैं। ये यहां रहकर पढ़ाई करते हैं, साथ ही उन्हें अपने समाज के रीति-रिवाजों और धार्मिक मान्यताओं का पालन करने की भी स्वतंत्रता रहती है। यहां बच्चे सामान्य घरों के साथ ही चाहें तो अलग से बनाए गए मराठी, बंगाली, गुजराती, पंजाबी, ईसाई व मुस्लिम घरों में भी रह सकते हैं। यहां माताएं बच्चों को धार्मिक रीति-रिवाज व संस्कार देकर पालती हैं। बालग्राम के मराठी घर की मां सुनीता ओरमाड़े के साथ 10 बच्चे रहते हैं। वे उनसे मराठी में बात करती हैं और मातृभाषा भी सिखाती हैं।

# नाई, बढ़ई, कुम्हार को रोजगार के लिए गांव में मिलेगी दुकान

### मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री पथ विक्रेता सहित अन्य योजनाओं से जोड़कर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा



**भोपाल ।** मध्य प्रदेश ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को बढावा देने के लिए सरकार नाई, बढ़ई, कुम्हार, लोहार, बसोर आदि को गांव में दुकान उपलब्ध कराएगी। इतना ही नहीं, इन्हें रोजगार स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना में बैंकों से आर्थिक सहायता भी दिलाई जाएगी। इसके लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सभी कलेक्टरों को ग्रामीण पारंपरिक उद्यमियों को सहयोग करने के निर्देश दिए हैं। विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की कमी नहीं है। इन्हें व्यवस्थित किए जाने की जरूरत है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर होने वाले कामों को संस्थागत रूप दिया जाएगा। दोना, पत्तल, झाड़ू, बांस की डलिया, मटके, सुराही, दीपक, ईंट, हसिया, खुरपी, गेंती, फावड़ा सहित कृषि उपयोग में आने वाली अन्य सामग्री ग्रामीण स्तर पर तैयार होती है। इस काम में रोजगार की काफी संभावनाएं हैं। इसे देखते हुए तय किया है कि मुख्यमंत्री पथ विक्रेता सहित अन्य योजनाओं से जोड़कर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इनके उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग का काम ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से होगा। कलेक्टरों से कहा गया है कि वे पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन या अन्य भवन में रिक्त स्थान हों तो ऐसे उद्यमियों को उपलब्ध कराएं। हाट बाजार में निर्मित खाली दुकानें भी इन्हें दी जा सकती है। इसके अलावा पंचायत अपनी खाली भूमि भी ऐसे व्यक्तियों को दे सकती हैं

# कोलार में शादीशुदा युवक ने फांसी लगाई, शरीर पर चोट के निशान

**भोपाल।** राजधानी के कोलार इलाके में एक युवक ने फांसी ली। उसकी पत्नी ने फंदे से उतारकर उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन नाकाम रही। शव पर चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस के आने पर महिला ने बताया कि पति की मौत कुर्सी के गिरने के कारण हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। टीआइ चंद्रकांत पटेल के अनुसार राजू कुंजाम पुत्र जेठू कुंजाम (35) निवासी कजलीखेड़ा मजदूरी करता था। मंगलवार शाम को राजू ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पत्नी ने किसी तरह से फंदा काटकर पति को बचाने का प्रयास किया। हालांकि जमीन पर गिरने के कारण बॉडी पर चोट के निशान आ गए। पड़ोसियों की मदद से महिला बॉडी को लेकर अस्पताल पहुंची। जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद में उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी अस्पताल से पुलिस को दी गई। सूचना के बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पत्नी संगीता कुंजाम के बयानों को दर्ज किया। महिला ने पुलिस को पहले गिरकर पति की मौत की जानकारी दी।

# डीजीपी एकादश ने खिताब पर कब्जा जमाया

**भोपाल।** 21वीं मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट प्रतियोगिता के डिपार्टमेंटल ग्रुप का खिताब डीजीपी एकादश ने जीत लिया। डीजीपी एकादश ने फाइनल मुकाबले में डीआरपी लाइन को 85 रनों के विशाल अंतर से पराजित किया। स्थानीय ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में डीजीपी एकादश ने आठ विकेट पर 161 रन बनाए। मंजीत ठाकुर ने नाबाद 38, विनय वर्मा ने 35 व विजय ने 22 रन बनाए। डीआरपी लाइन के आदर्श सिंह, फ़िरोज़ व विशाल ने दो दो विकेट हासिल किए। जवाब में डीआरपी लाइन की टीम 14 ओवर में मात्र 76 रन ही 14 बना सकी। कप्तान दीपक पाटिल 25, सौरभ 29 रन और भीम सिंह 18 रन ही दोहरी संख्या मैं पहुंच सके। डीजीपी एकादश की ओर से केजी शर्मा ने चार, अंकुश ने तीन व शुभम चौहान ने एक विकेट लिए। मैच मैं शानदार गेंदबाज़ी के लिए कप्तान केजी शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण मुख्य अथिति पूर्व विधायक व भोपाल ? क्रिकेट संघ के अध ?यक्ष ध्रुव नारायण सिंह, चेयरमैन सैयद साजिद अली, सचिव रजत मोहन वर्मा व उपसंचालक खेल जोस चाको की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर डॉ. सुशील सिंह ठाकुर, एमके भटनागर, हेमंत सूदन, अंकित शर्मा ,मुजीबउददीन, अमिताभ वर्मा, अमित शुक्ला, योगेन्द्र व्यास ,अजय भगत ,विशाल अय्यर, अंकुर सक्सेना सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व दर्शकउपस्थितथे ।

# नगर निगम दरोगा पर लगाया अवैध वसूली का आरोप

**भोपाल।** शहर के उपनगर कोलार में ठेले लगाने वाले अलग-अलग खाद्य पदार्थों के विक्रेताओं से सफाई दरोगा अवैध वसूली कर रहे हैं। बुधवार को यह आरोप भाजपा के कार्यकर्ता कोलार-246 के बूथ अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह लोधी ने इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर लगाया है। इसमें मदद की गुहार लगाई गई है। शैलेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि जेके रोड पर बीते कुछ दिनों से एक व्यक्ति फुलकी का ठेला लगा रहा है। वह रोजाना के हिसाब से 20 रुपये प्रतिदिन तह बाजारी नगर निगम प्रशासन को देता है। उसके एवज में नगर निगम से पर्ची भी मिलती है, लेकिन नगर निगम जोन-18 का सफाई दरोगा लखन खरे ठेला लगाने के लिए महीने के 500 से एक हजार रुपये देने की मांग करता है।

# अब भी कई जगह दर्ज है हबीबगंज

**भोपाल ।** रानी कमलापति रेलवे स्टेशन जाने के लिए घर से निकलो तो शहर के चौक-चौराहों पर लगे दिशा सूचक बोर्ड हबीबगंज रेलवे स्टेशन का पता बताते हैं। दरअसल स्टेशन का नाम 14 नवंबर 2021 को बदलकर रानी कमलापति स्टेशन कर दिया गया था। यह नाम मप्र की गोंड शासिका रानी कमलापति के नाम पर रखा गया है। रेलवे ने इसी दिनांक से आरक्षण प्रणाली से लेकर हर स्तर पर स्टेशन का नाम बदल दिया है लेकिन शहर के चौक-चौराहों पर लगे ज्यादातर दिशा सूचक बोर्डों पर अभी भी स्टेशन का पुराना नाम हबीबगंज ही लिखा हुआ है। जिसकी वजह से गफलत हो रही है। उधर, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन परिसर स्थित जीआरपी थाना भी हबीबगंज के नाम से चल रहा है। थाने से जुड़े कामकाज को लेकर पहुंचने वाले आम लोगों को भी दिक्कतें हो रही है।

### ढाई माह पहले पीएम मोदी ने किया था रानी कमलापति स्टेशन का लोकार्पण

### इन क्षेत्रों में लगे पुराने नाम के बोर्ड

शहर के चौक-चौराहों पर लगे ज्यादातर दिशा सूचक बोर्ड पर स्टेशन का पुराना नाम ही दर्ज है। बागसेवनिया क्षेत्र के गुलाबी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास मुख्य सड़क पर लगे यूनिक पोल में दिशा सूचक बोर्ड है। इस पर अभी भी हबीबगंज रेलवे स्टेशन लिखा हुआ है। इसी तरह हबीबगंज नाका से आइएसबीटी की तरफ जाते समय रानी कमलापति स्टेशन के पहले रेलवे के पुराने निर्माण भवन के पास और नर्मदा क्लब के सामने एक दिशा सूचक बोर्ड है। इन दोनों ही बोर्ड पर हबीबगंज रेलवे स्टेशन का जिक्र है। अभी तो हबीबगंज जीआरपी थाने के नाम से ही लिखा-पढ़ी कर रहे हैं। नाम बदलने की प्रक्रिया




चल रही है। जब बदल जाएगा, तब पुराने नाम का उपयोग नहीं करेंगे।

**- महेंद्र सिंह सोमवंशी, थाना प्रभारी, जीआरपी**

जीआरपी थाने का नाम बदलने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा है। करीब एक माह का समय हो चुका है। जैसे ही अधिसूचना जारी होगी, उस अनुरूप कार्रवाई करेंगे।

**- हितेश चौधरी, पुलिस अधीक्षक, रेल, भोपाल**

दिशा सूचक बोर्ड पर दर्ज स्टेशन का पुराना नाम हटाकर नया दर्ज कराने के लिए रेलवे प्रयासरत है। एक हफ्ता पहले नगर निगम आयुक्त से बोर्ड पर स्टेशन का नया नाम दर्ज कराने का आग्रह कर चुके हैं।

- सौरभ बंदोपाध्याय, डीआरएम, भोपाल रेल मंडल

थाने का नाम बदलने की प्रक्रिया उच्च स्तर से होनी है। यह प्रक्रिया जल्द पूरा कराने के प्रयास किए जाएंगे। चौक-चौराहों पर दिशा सूचक बोर्ड से स्टेशन का पुराना नाम हटवाया जाएगा।

**- अविनाश लवानिया, कलेक्टर भोपाल**

शहर में लगे सभी दिशा सूचक बोर्ड हमारे नहीं हैं। इनमें कुछ लोक निर्माण विभाग के भी हैं, जिसके लिए उन्हें सूचित कर दिया गया है। हमने अपने आधिपत्य के सभी बोर्ड बदल दिए हैं।

**- केवीएस चौधरी कोलसानी, आयुक्त, नगर निगम**

दिशा सूचक बोर्ड पर स्टेशन का पुराना नाम लिखा होने के कारण बाहर से आने वाले लोगों में गफलत की स्थिति पैदा हो रही है। जिला प्रशासन व रेलवे को मिलकर इसे दूर करना चाहिए।

**- निरंजन वाधवानी, सदस्य, मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति भोपाल**

बैगा बाहुल्य ग्राम भाटीबहरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम, विशाल भंडारा का हुआ आयोजन

# जगतगुरु माउली सरकार के सानिध्य में प्रन्युस ने मनाया 9वां स्थापना दिवस

**प्रणाम नर्मदा युवा संघ (प्रंन्युस) ने श्री अनंत विभूषित जगतगुरु माउली सरकार के सानिध्य मे माँ रेवा की जयंती उत्सव के साथ अपना 9 वां स्थापना दिवस बैगा बाहुल्य ग्राम भाटी बहरा में समाजिक समरसता, स्वच्छता, जागरूकता, शिक्षा का सन्देश देते हुए सांस्क्रतिक कार्यक्रम व विशाल भंडारा आयोजित कर धूमधाम से मनाया।**

अनूपपुरः- समाजिक कार्यक्रमों के लिए अनुपपुर जिले की अग्रणी संस्था के रूप में पहचान रखने वाली प्रणाम नर्मदा युवा संघ (प्रंन्यूस) पूर्व से ही पहचानी जाती है। यह संस्था विगत 9 वर्षो से उल्लेखनीय कार्य करती आ रही है जिसमें समाजिक समरसता, सर्प दंश जागरूकता, स्वच्छता, शिक्षा, निरोग नारी, पौधा रोपण, कप?ा बैंक, जंगलों को आग से बचाना जैसे शिक्षाविद कार्यक्रम गांवों में आयोजित कर लोगों के बीच जागरूकता लाने का प्रयास कर रही है। उसी क्रम में बुधवार के दिन प्रंन्यूस ने मैकल सुता माँ नर्मदा जयंती उत्सव व इस संस्था का 9 वां स्थापना दिवस समारोह माउली सरकार के सानिध्य मे जनपद पंचायत पुष्पराजगढ की मझगंवा पंचायत के दूरस्थ बैगा बाहुल्य ग्राम भाटी बहरा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मनाया। संगठन के अध्यक्ष विकास चंदेल ने कार्यक्रम की रूप रेखा सहित अन्य विषयों की जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी संगठन से जुडे लोग स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग में चलने की कोषिस कर रहे हैं साथ ही मां शारदा विद्द्या पीठ पोंडकी के संस्थापक स्व. डॉ. प्रवीण सरकार के बताए रास्तों का अनुषरण कर समाजहित के कार्य कर रहे हैं।





### प्रन्युस का अब तक का सफर

प्रणाम नर्मदा युवा संगठन की स्थापना वर्ष 2014 के 6 फरवरी नर्मदा जयंती के दिन विकास चंदेल व कुछ साथियों के प्रेरणा से हुई थी। तब आईजीएनटीयू अमरकंटक से संचालित हुआ करती रही है। उन्ही दिनों भारत सरकार ने शनिवार को छुट्टी देने का निर्णय लिया था तब विकास चंदेल सहित कुछ युवाओं की टोली ने मां नर्मदा की स्वच्छता का संकल्प मन मे धारित कर इन छुट्टी के दिनों मे उद्गम स्थल की सफाई करने के लिये प्रणाम नर्मदा युवा संघ की स्थापना की। धीरे -धीरे युवाओं की टोली काफिले में बदलती गई और मां नर्मदा की स्वच्छता को लेकर सुरु हुआ अभियान समाजिक समरसता, सर्प दंश जागरूकता, स्वच्छता, शिक्षा, निरोग नारी, पौधा रोपण, कप?ा बैंक, जंगलों को आग से बचाना जैसे कई साखाओं के तहत कार्य करती आ रही है। वर्तमान समय पर अनूपपुर के जैतहरी, पुष्पराजगढ, मंडला के मावई, शहडोल, डिंडौरी, उमरिया का मानपुर जैसी जगहों पर अग्रणी भूमिका निभा रही है।

### ऐसे चला 9वां स्थापना दिवस कार्यक्रम

सुदुर क्षेत्र ग्राम भाठीबहरा तक पहुंच मार्ग का आभाव है किन्तु प्रन्युस पिछले कुछ वर्षो से लगातार अपने कार्यक्रम यहां आयोजित करता रहा है। 9वां स्थापना दिवस का आगाज स्वामी विवेकानंद स्व. डॉ. प्रवीण सरकार के छाया चित्र पर जगतगुरु माउली सरकार ने दीप प्रज्वलित कर किया। ग्रामीण बैगाओं ने मांदर की थाप पर मंत्र मुग्ध करमा नृत्य की प्रस्तुति दी। प्राथमिक स्कूल के छात्रों ने पीटी का प्रदर्षन किया। ग्रामीण महिलाओं ने लोकगीत गाये तो वहीं ग्रामीणों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर समा बांधा, उतकृष्ट कार्य के लिये प्रन्युस के कार्यकर्ताओं को प्रसस्ति पत्र के माध्यम से पुरस्कृत किया गया। तत्पष्चात समरसता का परिचायक भंडारे का आयोजन किया गया। इन सभी के साथ जगतगुरु माउली सरकार ने उपस्थित जनों को सम्बोधित किया और बताया कि सभी सेवा से बडी मानव सेवा है सहयोग अपने आप में बहुत बडा शब्द है जिसमें भलाई करने के सभी गुण मौजूद होते है।

### अब रहेगा साथ- माउली सरकार

प्रन्युस के 9वें स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि की गद्दी को सुषोभित कर रहे श्री अनंत विभूषित जगतगुरु रामानंदचार्य स्वामी श्री राजराजेष्वराचार्य माउली सरकार ने पहले प्रन्युस के अध्यक्ष विकास चंदेल के उद्बोधन को ध्यान पूर्वक सुना जिसमें वे कह रहे थे कि आईजीएनटीयू में अध्ययन के दौरान स्वामी विवेकानंद को प?ा तब समाज हित में कार्य करने की प्रेरणा मिली बाद में मां शारदा विद्यापीठ के संस्थापक स्व. डॉ प्रवीण सरकार का सानिध्य मिला जिससे स्वामी विवेकानंद से मिली प्रेरणा को बल मिला और युवाओं की यह टोली समाजहित के लिये कारवां जुटाती हुई आज तक का सफर तय की। इन उद्बोधनों को सुनकर माउली सरकार ने पूरी टीम को बधाई देते हुये कहा कि हमारा ग्राम जोडो अभियान भी सामाजिक समरसता व उत्थान के दिषा में कार्य करता रहा है। निष्चय ही आगामी दिनों में हमारा साथ आपके साथ बना रहेगा।



# अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत

**अनूपपुर।** युवा समाजसेवी सुदीप द्विवेदी अंतरराष्टीय हिंदू परिषद का जिलाध्यक का दुर्गा मंदिर चौक अमलाई में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गयाद्य ढोल नगाड़ा एव माल्यार्पण के साथ उनका इष्ट मित्रों ने स्वागत कियाद्य अंतरराष्टीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सबसे पहले माता रानी के दरबार पर मत्था टेका और आशीर्वाद लियाद्य गौरतलब हो कि उक्त मनोनयन डॉक्टर भाई प्रवीण तोगड़िया राष्टीय अध्यक्ष अंतर्राष्टीय हिंदू परिषद , प्रांत अध्यक्ष अंतरराष्टीय राष्टीय हिंदू परिषद एवं प्रांत महामंत्री रमेश त्रिपाठी की सहमति पर किया गया हैद्य सुदीप लंबे समय से राजनैतिक सामाजिक रचनात्मक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैंद्य उनकी सक्रियता एवं कर्मठता को देखते हुए उन्हें महती जिम्मेदारी सौंपी गई है द्य नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुदीप द्विवेदी ने कहा कि पूर्ण निष्ठा एवं सच्ची लगन से संपादित करूंगाद्य स्वागत करने वालों में रश्मि खरे संदीप पुरी ओम प्रकाश दहिया जीतू सिंह परिहार संतोष टंडन पवन कुमार चीनी ,नीरज नामदेव, अजय दहिया प्रताप धमेजा राजा सिंह राजेश बर्मन बल्ली द्विवेदी, संदीप मिश्रा विवेक पांडे विजय तिवारी सुनील ओटवानी आदि के नाम शामिल हैं।

# बरगवां अमलाई के नगर परिषद बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**अमलाई ।** नर्मदा महोत्सव के पावन पर्व पर बरगवां, अमलाई ,देवहरा, सकोला को मिलाकर नगर परिषद गठन किए जाने को लेकर, अमलाई दुर्गा मंदिर बाजार में बैंड बाजा के साथ जबरदस्त आतिशबाजी के बीच प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं अनूपपुर जिला के निर्माता विकास पुरुष एवं खाद्य मंत्री बिसाहूलाल सिंह जिंदाबाद के नारे लगाते हुए लोगों को मिठाई बांटकर खुशियों का इजहार किया इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों के अलावा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती रश्मि खरे उपस्थित रही, इनके साथ ही चचाई से जीतू सिंह परिहार, जनपद सदस्य पवन( चीनी), विशेष आमंत्रित सदस्य संदीप पुरी, विवेक पांडे, अजय दहिया, सुदीप द्विवेदी, विजय तिवारी, बबलू द्विवेदी, सुनील ओटवानी, अरविंद साहनी, ओम प्रकाश दहिया, प्रताप धमीजा उपसरपंच बरगवां संतोष टंडन आदि के साथ-साथ सैकड़ों युवक उपस्थित रहे।

# सौरभ कुमार नौगरैया को पीएचडी

**जबलपुर।** सर्वपल्ली राधाकृष्णन विश्वविद्यालय भोपाल से सौरभ कुमार नौगरैया को मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी प्रदान की गई। आपका शोध विषय एनालिसिस ऑफ स्टेप्ड बेसिन वी-टाईप सोलर स्टिल विथ डिफरेन्ट वॉटर डेफ्थ एण्ड एक्सर्टनल बूस्टिंग मिरर्स रहा। आपने अपना शोध डॉ मनोज



कुमार चौपड़ा के निर्देशन में पूर्ण किया। आप स्व श्री शंभूदयाल नौगरैया एवं श्रीमती गीता नौगरैया (सेवानिवृत्त शिक्षक) के सुपुत्र एवं श्रीमती कंचन नौगरैया के पति हैं। आपकी इस उपलब्धि पर आशीष भाग्यश्री पहारिया (दीदल-जीजाजी) समस्त परिवारजन एवं गहोई वैश्य समाज अत्यधिक हर्षित हैं।

# स्वा सेवा संयोजन ने किया साहित्य गोष्ठी का आयोजन

**सिहोरा-** स्वा सेवा संयोजन समिति के संयोजन में नर्मदा जयन्ती के पर केशव कुटी प्रांगण में एक कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें शहर के प्रसिद्ध कवि, कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं से भारत माता एवं माँ नर्मदा जी की वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत शहर के वरिष्ट कवि अश्विनी कुमार पाठक एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज सिहोरा की अध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।श्री पाठक ने अपनी रचना द्वारा माँ नर्मदा के गुणों का बखान किया। कवियित्री संगीता सिंघई द्वारा सुन्दर स्वर में सरस्वती वंदना व गौ माता पर गीत प्रस्तुत किया। कवियित्री प्रियंका त्रिपाठी ,कवि नारायण तिवारी,अखिलेश माँझी ने अपनी,अपनी विधाओं में सुन्दर कविताएं व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं सुषमा कर्चुली द्वारा लघुकथा प्रस्तुत की गई।इस अवसर पर सुरसाम्राज्ञी लता जी को स्मरण करते हुए उन्हें सजल श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन नारायण तिवारी ने व आभार प्रदर्शन संस्था की संरक्षक श्रीमति सुधा दुबे मेडम द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में श्रीमति आशा जैन,अनिरुद्ध त्रिवेदी,राजेन्द्र दुबे,डा?पांडे एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# युवा हृदय सम्राट संजय सत्येंद्र पाठक का हुआ शहडोल आगमन

**शहडोल।** मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं युवाओं के आदर्श ओजस्वी व्यक्तित्व के धनी कार्यकर्ताओं को सर्वप्रथम महत्व देने वाले सभी के सुख दुख में साथ खड़े होने वाले श्रेष्ठ वक्ता मध्य प्रदेश के युवाओं के रोल मॉडल श्री संजय सत्येंद्र पाठक का आगमन भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय शहडोल में हुआ शहडोल पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के द्वारा पाठक जी का बड़ी भव्यता के साथ संभागीय मुख्यालय में स्वागत किया गया सर्वविदित है कि श्री संजय पाठक जब भी शहडोल आते हैं तो युवाओं में उनके प्रति एक अलग ही ऊर्जा का संचार होता है साथ ही मध्य प्रदेश के युवा हृदय सम्राट कहे जाने वाले संजय सत्येंद्र पाठक पाठक का लगाव भी शहडोल संभाग से गहरा रहा है क्योंकि संजय सत्येंद्र पाठक संगठनात्मक कार्यों से शहडोल पहुंचे थे शहडोल पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी जैतपुर विधानसभा की लोकप्रिय विधायिका श्रीमती मनीषा सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल प्रताप सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी के जिले के पदाधिकारियों ने मिलकर संजय सत्येंद्र पाठक का स्वागत किया तत्पश्चात संभागीय कार्यालय भारतीय जनता पार्टी शहडोल में आयोजित की गई एक औपचारिक संगठनात्मक बैठक में सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ताओं के बीच संजय सत्येंद्र पाठक ने अपने वक्तव्य रखें एवं भारतीय जनता पार्टी को राष्ट्र की सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी साथ ही राष्ट्रहित सर्वोपरि का संदेश देने वाली पार्टी कहां साथ ही उन्होंने युवाओं से यह भी कहा कि संगठन की मुख्य रीड की हड्डी युवा कार्यकर्ता ही होते हैं युवा कार्यकर्ताओं के सहारे ही संगठन नित नए आयाम हासिल करता है साथ ही उन्होंने यह बात भी कही की शहडोल संभाग में आज से नहीं वर्षों से भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आती रही है इसकी मुख्य वजह शहडोल संभाग के कर्मठ कार्यकर्ता ही हैं अपनी बातों में श्री पाठक जी ने यह बात भी कार्यकर्ताओं के समक्ष अपने उद्बोधन में रखी कि कार्यकर्ताओं की कोई भी समस्या हो उसका निपटारा भारतीय जनता पार्टी के जिले के अध्यक्ष एवं जिले के जिम्मेदार पदाधिकारी स्वयं करें ताकि भारतीय जनता पार्टी जो कि कार्यकर्ताओं की पार्टी मानी जाती है यह स्वप्न असल में जमीन पर भी चरितार्थ हो सके संबोधन में भाजपा जैतपुर विधानसभा के विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की रीति और नीति हमेशा से राष्ट्र हित के पक्ष में रही है इसी वजह से देश का युवा भी इस पार्टी से लगाव रखता है।

**कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत**



# कर्मचारी आयोग अध्यक्ष की नियुक्ति

**सिहोरा--**मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष जबलपुर अटल उपाध्याय ने बताया है की प्रदेश सरकार ने कर्मचारी आयोग अध्यक्ष के पद पर गोपाल प्रसाद सिंघम की नियुक्ति कर दी है सरकार के इस निर्णय की मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह,एस बी सिंह,महेंद्र शर्मा ने प्रशंसा की है।

संयुक्त मोर्चा द्वारा विगत दिनो में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र प्रेषित कर यह मांग की थी कि कर्मचारी आयोग का गठन कर कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष के आदेश जारी किये जायें माँग के अनुसार 28 जनवरी 2022 मध्यप्रदेश राजपत्र असाधारण में गोपाल प्रसाद सिंघल सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी वर्तमान में भूमि सुधार आयोग अध्यक्ष को मध्यप्रदेश कर्मचारी आयोग अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है । इससे अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने स्वायतवों के निराकरण में परेशानी का सामना नहीं करना प?गा कर्मचारियों के लाभ के मुद्दों पर जल्द निर्णय लिए जा सकेगा। सातवें वेतन मान के अनुसार आवास भत्ते, मुख्यमंत्री चिकित्सा योजना,निजी अस्पतालों में इलाज की सुविधा, 32 वर्ष की नौकरी में 4 समय मान, लिपिकों की वेतन विसंगति,चतुर्थ श्रेणी कर्मी का पद नाम बदलने,उपयंत्री की पदोन्नति, पुरानी पेंसन देने जैसी माँगों पर चर्चा पश्चात जल्द समाधान निकाले जा सकेंगे।

# सामाजिक कार्यकर्ता नेहा श्रीवास्तव रहेंगी भूख हड़ताल पर

### कलेक्टर की जनसुनवाई में दिया आवेदन

धूमा सिवनी नवभारत । सिवनी जिले के लखनादौन तहसील में आने वाली ग्राम पंचायत धूमा जहां पर ग्राम के ही रसूखदार दबंग शासन प्रशासन के नियम कानूनों की धज्जियां उड़ाने वाले दिनेश साहू के द्वारा कुछ दिनों पूर्व पंचम बर्मन से शासकीय पशु औषधालय की लगी हुई शासकीय भूमि पर बनी झोपड़ी को बर्मन परिवार के द्वारा दिनेश साहू को झोपड़ी के मलबे की रजिस्ट्री कर बेच दिया गया जहां पर दिनेश साहू के द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर गोदाम का निर्माण कर लिया गया है गोदाम में सीमेंट से लदे हुए भारी भरकम ट्रकों का आना जाना लगा रहता है दिनेश साहू की गोदाम पर आने वाले भारी भरकम ट्रकों से पंचायत की सीसी रोड टूट चुकी है और पुलिया भी ध्वस्त हो चुकी है जिससे बारिश में पानी का भराव होता है और रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है बर्मन परिवार ने अगर शासकीय पट्टे की भूमि को छोड़ दिया था तो पंचायत द्वारा धूमा में कई ऐसे परिवार हैं जो किराए से रह कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं और धूमा ग्राम के हर कार्य में सेवा दे रहे हैं विगत कई वर्षो से वोट डाल रहे हैं और धूमा के लिए जन प्रतिनिधि चुन रहे हैं । क्या उस भूमि पर इन्हीं गरीब परिवारों को पट्टा नहीं दिया जा सकता। शासन की बेशकीमती जमीनों पर दबंगों द्वारा अधिकारियों को गुमराह कर कब्जा किया जा रहा है और सीधे साधे लोगों के लिए परेशानियों का कारण बन रहे हैं जिनसे परेशान होकर सामाजिक कार्यकर्ता नेहा श्रीवास्तव द्वारा पूर्व में भी कई बार आवेदन शिकायतें की जा चुकी हैं लेकिन सिस्टम की अनदेखी और नियम कानून की उड़ती धज्जियां कहीं ना कहीं इशारा कर रही हैं कि इन दबंगों के अतिक्रमण से शायद ही शासन के पास शासन की साशकिय एक इंच भी जगह न रहे । नेहा श्रीवास्तव सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा आरोप लगाया गया है कि अगर दिनेश साहू के पास शासकीय आबादी भूमि की रजिस्ट्री के कागजात अगर सही हैं तो वैसे ही कागजात धूमा के अन्य आबादी भूमि पर बसे लोगों के भी बननी चाहिए और शासकीय भूमि पर हाथ ठेला हो या कोई अपना व्यापार कर रहा हो उसे भी ऐसे ही कागजात बनाकर अपना व्यापार और



रहने का स्वतंत्रता से अधिकार दें ताकि वह बेवजह कोर्ट कचहरी के चक्कर ना काटते रहे इन दबंगों को आज तक शासन प्रशासन से कोई नोटिस नहीं मिला और धूमा के आम नागरिक जो सीधे साधे अपने मकान पर रह रहे हैं उन्हें अतिक्रमण का नोटिस दिया जाता है । और दबंग अतिक्रमण करता हूं की जांच अगर अधिकारियों द्वारा की जाती है तो इन्हें पैसे का प्रलोभन देकर जांच को प्रभावित किया जाता है और जांच ठंडे बस्ते पर चली जाती है । शासन-प्रशासन की आंख खोलने और इन दबंगों को आईना दिखाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता नेहा श्रीवास्तव द्वारा 20 फरवरी 2022 से भूख हड़ताल कर न्याय के लिए आमरण अनशन की लड़ाई तक लड़ने की चेतावनी दे दी गई है देखना होगा कि जिला प्रशासन इस और क्या कार्यवाही कर पाता है

### इनका कहना है

इसी तरह शासकीय भूमियों पर अतिक्रमण होते रहे तो शासन के पास शासकीय कार्य हेतु भूमि नहीं रहेगी । मेरे द्वारा इस लड़ाई को लड़ने भूख हड़ताल का आवेदन जिला प्रशासन को दिया गया ।

**सामाजिक कार्यकर्ता नी नेहा श्रीवास्तव**

# एजुकेट गर्ल्स संस्था ने टीम बालिकाओं के सम्मान में मनाया 14वां स्थापना दिवस समारोह

ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में बेहतर कार्य करने पर बेस्ट टीम बालिका को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। फरवरीए जिला सीधीए मध्य प्रदेश . बालिका शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही संस्था एजुकेट गर्ल्स ने अपना 14वां स्थापना दिवस समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया। कोविड.19 के प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए समारोह का आयोजन किया गया । इस समारोह में सरकारी अधिकारीए स्वयंसेवकए कार्मिकोंए और टीम बालिका ने जु? कर समारोह को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एजुकेट गर्ल्स संस्था का 14 वां वार्षिकोत्सव का आयोजन डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री आरिफ मोहम्मद एवं डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम आफिसर सहनवाज खान के मार्गदर्शन में एवं ब्लाक आफिसर सोहागपुर अजीत सिंह बघेल जी के नेतृत्व में सोहागपुर ब्लॉक के 8 कलक्टर में आयोजित किया गया। एजुकेट गर्ल्स के रीजनल मैनेजर नितिन कुमार झा ने बताया श्कोरोना महामारी से लोगों के रोजगारए स्वास्थ्य और स्कूली बच्चों की शिक्षा पर व्यापक असर प?ा है। इन हालातों में भी संस्था के ऐसे कई स्वयंसेवक हैं जिन्होनें गांवों में बच्चों को प?ाई से जो? रखने के लिए महत्वपूर्ण सहयोग किया है।एजुकेट गर्ल्स के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर मोहम्मद आरिफने बताया ए श्बालिका शिक्षा की इस मोहीम को पूरा करने में जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले हमारे साथियों का बहुत सहयोग मिलता है। हम सभी के लिए पिछला साल काफी चुनौतियों भरा रहा। फिर भी हमारे टीम ने हर मुश्किल का सामना करते हुए बालिका शिक्षा का कार्य जारी रखा।ब्लॉक आफिसर अजीत सिंह बघेल ने बताया ए श्एजुकेट गर्ल्स संस्था द्वारा जमीनी स्तर पर बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने वाले टीम बालिकाओं के सम्मान में प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जाता हैं। इस माध्यम से टीम बालिकाओं का क्षमता वर्धन और उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।क्षेत्रीय समन्वयक रामनिवास कुशवाहा ने अतिथियों का स्वागत सम्मान करते हुए एजूकेट गर्ल्स संस्था के विगत 14 वर्षों के शैक्षणिक कार्यों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आगे बताया ए श्संस्था के उद्देश्य को आम जनमानस तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए ग्राम स्तर पर समुदाय के बीच में संस्था के वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाता है।ब्लॉक में क्लस्टर स्तर पर आयोजित सभी कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों . नृत्य प्रतियोगिताए चित्रकला प्रतियोगिता . की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने संस्था द्वारा प्रदान की गई उपहार बैग एवं बॉटल को सभी टीम बालिकाओं को प्रदान किया गया। करकटी कलक्टर के ग्राम खन्नाथ में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य दीप नारायण पाठक जी द्वारा विद्यालय स्तर पर किए गये शैक्षणिक गतिविधियों में सराहनीय प्रयास करने पर क्षेत्रीय समन्वयक एजूकेट गर्ल्स रामनिवास कुशवाहा को प्रसंशा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत स्तर पर विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में बेहतर कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# सात महीने में दो बार खारिज हुए कोर्ट की अवमानना के आरोप

**कोलकाता।** उच्चतम न्यायालय ;सुप्रीम कोर्ट ने कि श्री हर्षवर्धन लोढा एमपी बिरला समूह की कंपनियों के चेयरमैन के रूप में बने रहने के कारण कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले का पालन करने में विफल रहे।

शीर्ष अदालत ने 12 जुलाई 2021 को बिरला परिवार के सदस्यों द्वारा दायर एक याचिका पर एक आदेश पारित किया थाए जिसमें कलकत्ता उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति सहिदुल्ला मुंशी ;अब सेवानिवृत्तद्ध द्वारा 18 सितंबर 2020 को पारित निर्णय के अनुसार पहले के एक फैसले को बरकरार रखा गया था कि श्री लोढा एमपी बिडला समूह की कंपनियों के चेयरमैन और निदेशक के रूप में जारी रह सकते हैं।पिछले साल जुलाई में उच्चतम न्यायालय में अदालत की अवमानना के आरोपों के बावजूद, एपीएल समिति के दो सदस्य.माननीय जस्टिस मोहित एस शाह ;सेवानिवृत्त और श्री एसी् चक्रवर्ती.ने कलकत्ता उच्च न्यायालय की अनुमति लिए बिना पिछले साल नवंबर में सर्वोच्च न्यायालय में एक और याचिका दायर की। श्री लोढा को पद से हटाने का ये दूसरा प्रयास भी पूरी तरह से बेकार गया है।शुक्रवार 4 फरवरी को माननीय न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड और माननीय न्यायमूर्ति सूर्य कांत ने कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट अपने 12 जुलाई 2021 के आदेश में पारित निर्देशों के मद्देनजर एपीएल समिति के तीन सदस्यों में से दो ;दिवंगत प्रियंवदा बिरला की संपत्ति के अदालत द्वारा नियुक्त संरक्षकद्ध द्वारा दी गई विशेष अनुमति याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं।उस आदेश में माननीय न्यायमूर्ति चंद्रचूड और माननीय न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय को माननीय न्यायमूर्ति मुंशी के फैसले से उत्पन्न सभी बकाया अपीलों और क्रॉस.अपीलों का शीघ्र निपटान करने के लिए कहा थाए जिन्होंने श्री लोढा को सभी एमपी बिडला समूह कंपनियों के निदेशक के पद से हटने के लिए जरूरी कदम उठाने का आदेश दिया था। हालांकि उन्होंने अपने फैसले में ये भी कहा कि उनके न्यायालय का इन कॉर्पोरेट संस्थाओं पर अधिकार क्षेत्र नहीं है।

# माँ सरस्वती पूजा बसंत पंचमी के दिन माँ शक्ति की सेवा !!!



मातृ शक्ति की सेवा का संकल्प, गैलेक्सी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल तथा छायांके के चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा संयुक्त रूप से लिया गया है ! जिसके अंतरगत हर माह के पहले शनिवार को, वृद्ध माताओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है ! अस्पताल द्वारा गठिया रोग दिवस 2021 से लगातार, माताओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण सुचारू रूप से चल रहा है ! बसंत पंचमी और मां सरस्वती पूजा के दिन, माताओं के लिए, आधार कार्ड, समग्र कार्ड और आयुष्मान कार्ड की व्यवस्था शूरू कराई गई !अब वृद्धाश्रम मे रहने वाली, सभी माताओं को हमारे गैलेक्सी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में सभी प्रकार का निःशुल्क स्वास्थ्य उपचार, आयुष्मान कार्ड के द्वारा प्रदान किया जाएगा !

10 फरवरी, कृमि दवा का निःशुल्क वितरण शिविर !!!

गैलेक्सी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, उखरी तिराहा, विजय नगर जबलपुर, 10 फरवारी, बच्चों के लिए, शिशुरोग विशेषज्ञ के द्वारा, शिशु को, निःशुल्क कृमि दावा का वितरण तथा शिशु रोग संबंधी सलाह प्रदान की जाएगी ! 10 फरवारी, शाम 3 बजे से रात 8 बजे तक अधिक से अधिक सांख्य में बच्चों को लेकर पहुचे और निःशुल्क शिविर का लाभ उठाये !

# लता मंगेशकर ने पूरी जिंदगी में गाए कुल कितने गाने

**स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने जीवन के हर भाव के गीत गाए। जीवन का कैसा भी उत्सव हो, लता का कोई न कोई गीत मिल ही जाएगा। शोखियों से लेकर शरारतों तक, प्रेम से लेकर विरह तक और वैराग्य से लेकर भजन तक सब उनके गानों में समाहित है। लेकिन, कितने गाने? लता मंगेशकर ने अपने गायन करियर में कुल कितने गाने गाए, इस पर संगीत प्रेमियों, लता मंगेशकर के प्रशंसकों और फिल्म जगत से दशकों से जुड़े रहे पत्रकारों में एक नई बहस शुरू हो चुकी है। मुंबई के सबसे बड़े फिल्म पत्रकार समूह 'चेम्बर ऑफ फिल्म जर्नलिस्ट्स' में बीते तीन दिन से इस पर शोध और चर्चा चल रही है। इस बारे में 'अमर उजाला' से भी तमाम लोगों ने संपर्क किया और विकीपीडिया पर मौजूद उनके गानो की संख्या की तस्दीक करने का अनुरोध किया। विकीपीडिया ने इस संख्या पर छिड़े विवाद के बाद लता मंगेशकर के पेज से उनके गाए गानों की वह संख्या हटा दी है, जिसे लता के निधन के अगले दिन तमाम अखबारों ने अपने पहले पन्नों पर जगह दी।**

शुरूआत वहां से करते हैं जहां से ये विवाद शुरू हुआ। बात 1974 की है, जब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने लता मंगेशकर को ऐसे गायक के रूप में मान्यता देने का एलान किया जिसके पास दुनिया में सबसे ज्यादा 25 हजार गाने रिकॉर्ड करने का रिकॉर्ड है। मोहम्मद रफी से उनकी रॉयल्टी के मसले को लेकर उन दिनों ठनी हुई थी। रफी ने इस दावे के मुकाबले अपना दावा पेश कर दिया कि मैंने 28 हजार गाने गाए हैं। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने विवाद खड़ा होने पर दोनों पक्षों से अपने गानों की सूची पेश करन को कहा। चार पांच साल तक पत्राचार चलता रहा और जब दोनों पक्ष अपने अपने दावों के समर्थन में सबूत पेश करने से चूक गए तो ये प्रविष्टि किताब से हटा दी गई। साल 2011 में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में आशा भोसले का नाम सबसे ज्यादा गाने रिकॉर्ड कराने वाली गायिका के तौर पर जब दर्ज हुआ तो उनके गानों की संख्या रही, 11 हजार। अब ये रिकॉर्ड दक्षिण भारतीय गायिका सुशीला पुलापका के नाम है 17 हजार के ऊपर गाने रिकॉर्ड करने का।

लौटकर फिर लता मंगेशकर पर आते हैं। विश्वास नेरूरकर नामक एक बहुत ही वरिष्ठ व चर्चित शोधार्थी है जिन्होंने हिंदी सिनेमा के तमाम दिग्गज गायकों मोहम्मद रफी, मुकेश और लता मंगेशकर आदि के गानों का संकलन किया है। विश्वास नेरूरकर का गीत-संग्रह 'लता मंगेशकर- गंधार स्वर यात्रा' के रूप में प्रकाशित हुआ और इसमें उन्होंने 1945 से लेकर 1989 के बीच गाए लता मंगेशकर के गानों का संग्रह किया। इस संकलन में यह संख्या 5066 बताई जाती है। उसके बाद से नए और खोजे गए पुराने गानों की संख्या बढ़कर उनके करीबियों के मुताबिक 5328 ही हो सकी है। सुमन चौरसिया की किताब 'लता समग्र' में भी लता मंगेशकर के 2014 तक गाए गानों की सूची है। इस किताब के मुताबिक लता मंगेशकर ने जो गाने गाए उनमें हिंदी फिल्मी गाने 5328, गैर फिल्मी गाने 198, अप्रकाशित गाने 127, मराठी 405, बंगाली 206, संस्कृत 24, गुजराती 48, पंजाबी 69, दूसरों के गाए गानों के संस्करण 38 और अन्य 48 शामिल हैं। इन गानों की कुल संख्या 6550 बताई जाती है। सोशल मीडिया पर भी इन किताबों के उदाहरण देकर खूब चर्चाएं हो रही हैं। लेकिन, एक किताब में गानों की संख्या पांच हजार के करीब और दूसरी किताब में लता मंगेशकर के गानों की संख्या सात हजार के करीब तो फिर ये 30 हजार या उससे



ऊपर के गानों की संख्या आई कहां से? इस बारे में हमने विश्व प्रसिद्ध उद्घोषक हरीश भिमानी से बात की।

लता मंगेशकर पर शोध करने वालों में एक प्रमुख नाम आवाज की दुनिया की मशहूर हस्ती हरीश भिमानी का भी रहा है। हरीश भिमानी ने लता मंगेशकर के साथ 21 देशों के 53 शहरों में 123 शोज की यादें अपनी पुस्तक 'इन सर्च ऑफ लता मंगेशकर' में संजोई हैं। वह कहते हैं, 'लता जी ने कभी नहीं माना कि उन्होंने 30 हजार या 40 हजार गाने गाए। कोई उनसे कहता भी तो वह मना कर देतीं कि ये आपका बड़प्पन है, ऐसा कुछ है नहीं। तमाम लोगों ने लता जी के गानों पर शोध किए हैं। मैंने जो लता जी के साथ रहते हुए आंकलन किया उसके हिसाब से उनके गाए गानों की कुल संख्या 8226 है।' यह संख्या हरीश भिमानी कई जगहों पर उद्धृत भी कर चुके हैं और लता मंगेशकर के साथ तमाम कार्यक्रमों के लिए बरसों सफर करते रहने के कारण उनकी यह संख्या ही प्रामाणिक भी मानी जाती है। उनकी लिखी इस किताब का अगला संस्करण भी जल्द प्रकाशित होने वाला है, जिसमें वह अपनी कुछ और यादें पुस्तक में संजोने वाले हैं।

देश दुनिया के तमाम अखबारों ने लता मंगेशकर के निधन की कवरेज करते हुए उनके गानों की संख्या अलग अलग लिखी है। हिंदी के कमोबेश सारे अखबारों ने लता के गाए गानों की संख्या 30 हजार ही मानी। कुछ अंग्रेजी अखबारों ने लता मंगेशकर के गाए गानों का दशकवार विवरण देने की कोशिश भी की। महाराष्ट्र टाइम्स ने लता के गाए गानों की संख्या 5077 लिखी। लेकिन, अधिकतर ने आंकड़ा वही लिया विकीपीडिया पर उन्हें दिख गया। हरीश भिमानी कहते हैं, 'स्तुतिगान से तो भगवान भी किसी को नहीं रोकते। कहने को तो हनुमान जी का पूरा काम 'सूक्ष्म रूप धरि सियहिं दिखावा। विकट रूप धरि लंक जरावा।।' भर ही है लेकिन वह चालीसा पढ़ने से किसी को रोकते थोड़े ही हैं। तो जब ईश्वर अपने स्तुति गान से किसी को नहीं रोकता तो माना जाना चाहिए कि लता मंगेशकर के प्रशंसकों ने उनकी स्तुति में जो संख्याएं 70 के दशक में प्रचारित प्रसारित करनी शुरू कीं, वे भी चालीसा ही हैं। तब क्रॉस चेक करना इतना आसान कहां होता था।'




# बोल्ड कहानी और कंटेंट की वजह से, नेटफ्लिक्स की इन पांच वेब सीरीज की रिलीज पर मचा था बवाल

ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के आने के बाद से ही वेब सीरीज और फिल्मों की कहानी में भी काफी बदलाव आने लगा है। अब ज्यादातर वेब सीरीज की कहानियां बोल्ड कंटेंट पर आधारित होती हैं। कुछ कहानी में निर्भया जैसे मुद्दे की जांच पर बात की गई है, वहीं कुछ कहानी में मेल डॉमिनेंट सोसायटी में आगे ब ?ने के लिए महिलाओं द्वारा किए गए संघर्ष पर रौशनी डाली गई है। आज हम आपको ऐसे ही वेब सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं जिनके इरॉटिक-बोल्ड कंटेंट और कहानी की वजह से खासा विवाद हुआ था।

इंडियन ओरिजिनल कहलाई जाने वाली वेब सीरीज %सेक्रेड गेम्स% अपने बोल्ड और इरॉटिक कंटेंट के साथ-साथ कहानी की वजह से भी काफी विवादों में रही थी। अनुराग कश्यप और विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा निर्देशित इस सीरीज में सेमी न्यूड सीन, गाली-गलोच और हिंसा वाले सीन पर बवाल मचा था। बता दें कि यह सीरीज पॉलिटिकल ड्रामा है।

साल 2012 में हुए निर्भया गैंगरेप की कहानी सुनते ही रौंगटे ख ? हो जाते थे। ऐसी सेंसेटिव कहानी पर सीरीज बनाना बेहद बोल्ड स्टेप था। बता दें कि इस सीरीज के रिलीज से पहले



ही काफी बवाल मचा था। इस सीरीज की रिलीज को रुकवाने के लिए कई लोगों ने कोर्ट तक का दरवाजा खटखटाया था। इसके अलावा रिलीज के बाद दिल्ली के वसंत विहार थाने के एसएचओ ने दावा किया था कि सीरीज में उनके किरदार को काफी आलसी और गैर जिम्मेदार दिखाया गया है।

यह सीरीज आध्यात्मिक गुरु रजनीश (ओशो) पर केंद्रित है, जिसकी वजह से यह डॉक्यूमेंट्री विवादों से घिरी रही। यहां तक ओशो इंटरनेशनल फाउंडेशन ने इस सीरीज के खिलाफ मोर्चा तक खोल दिया था। उन्होंने दावा किया था कि जिस वक्त ओशो अमेरिका में थे, उस दौरान उनके आश्रम में घटी घटनाओं को सीरीज में गलत तरीके से प्रदर्शित किया गया है।

365 डेज, ब्लैंका लिपिंस्का के उपन्यास पर केंद्रित पोलिस ड्रामा पर केंद्रित है। इस सीरीज के बोल्ड सीन्स की वजह से इस पर भी काफी विवाद हुआ था। एक वर्ग ने इस सीरीज की जमकर आलोचना भी की थी।

नेटफ्लिक्स की कॉमेडी सीरीज इनस्टायबल को लेकर भी खूब विवाद हुआ था। कई लोगों ने आरोप लगाया था कि इस सीरीज में बॉडी शेमिंग को ब ?ावा दिया गया है और महिलाओं को गलत तरीके से दिखाया गया है। वहीं कुछ लोगों ने इसके खिलाफ प्रदर्शन भी किया था।

यह वेब सीरीज मेल ओरिएंटेड कॉर्पोरेट वर्ल्ड में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहीं पांच महिलाओं के जीवन पर आधारित है। पूजा भट्ट, शाहाना गोस्वामी, अमृता सुभाष, प्लाबिता बोरठाकुर और आध्या आनंद स्टारर इस सीरीज में काफी बोल्ड सीन्स भी दिखाए गए हैं। जिसकी वजह से इस सीरीज को आलोचना का सामना करना प ?ा था।

# जंगली बिल्ली बनकर दिए कातिलाना पोज

भोजपुरी एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने नया फोटोशूट करवाया है। अपने डांस मूव्स से लोगों को दीवाना बनाने वाली नम्रता मल्ला का नया फोटोशूट इस वक्त सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इन तस्वीरों में नम्रता मल्ला बोल्ड अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। नम्रता मल्ला इन तस्वीरों में काले रंग की बिकिनी के साथ शॉर्ट्स और श्रग पहनी हुई नजर आ रही हैं और उनका कॉन्फिडेंस तो देखते ही बन रहा है।

नए फोटोशूट में नम्रता मल्ला हाई पोनीटेल हेयरस्टाइल के साथ नजर आ रही हैं। इस हेयरस्टाइल के चलते उनका पूरा लुक खिल सा गया है।इस तस्वीर में तो नम्रता मल्ला बोल्ड अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। इन दिनों बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री की कई हसीनाओं ने जींस को अनबटन करके ऐसे ही बोल्ड फोटोशूट करवाए हैं। ऐसे में भला नम्रता भल्ला कैसे पीछे रहती?

नम्रता मल्ला ने अपने फोटोशूट की कई तस्वीरों को शेयर किया है। हर एक तस्वीर में नम्रता मल्ला किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में कैट पोज में दिख रही हैं।

**फैन्स बोले कतई जहर...**

बता दें कि सोशल मीडिया पर नम्रता मल्ला काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन वह यहां पर अपने बोल्ड फोटोशूट और डांसिंग वीडियो शेयर किया करती हैं। भोजपुरी फिल्मों में डांस का तड़का लगाकर नम्रता मल्ला अपने लाखों फैन्स को घायल कर देती हैं लेकिन इस समय फैन्स उनके नए फोटोशूट की ही चर्चा कर रहे हैं। एक यूजर ने नम्रता मल्ला की तस्वीरों पर कॉमेंट किया है, %कतई जहर है भाई ये तो... ।% वहीं एक दूसरे फैन ने लिखा है, %स्टनिंग मल्ला... ।नम्रता मल्ला हाल ही में भोजपुरी एक्टर खेसारी लाल यादव के साथ दो घूंट गाने में नजर आई थी। इस गाने को यूट्यूब पर लाखों व्यूज मिल चुके हैं। आपको नए फोटोशूट में नम्रता मल्ला का कॉन्फिडेंस और उनके किलर लुक्स कैसे लगे? कॉमेंट बॉक्स में जरूर बताइएगा

# येलो और ब्लश पिंक कलर की बिकनी में शरवरी वाघ ने बढ़ाई इंटरनेट पर गर्मी



**शरवरी वाघ ने येलो और ब्लश पिंक कलर की बिकनी में अपनी कुछ हॉट पिक्स फैन्स के साथ साझा की हैं, जिन्हें देख फैन्स उनके बोल्ड अंदाज के दीवाने हो गए हैं।**

शरवरी वाघ एथनिक हो या कैजुअल दोनों तरह के आउटफिट्स में बेहद हसीन नजर आती हैं। शरवरी ने एक शानदार स्विमिंग सूट में अपनी कुछ तस्वीरें साझा कीं और फैन्स को मदहोश कर दिया।

शरवरी ने येलो और ब्लश पिंक बिकिनी पहनी थी और इसे उसी रंग के साटन थ्रो के साथ जोड़कर अपने लुक को एक डैंसिंग टच दिया।

बिकिनी में शरवरी ने अपने लुक को सिल्वर नेक चेन और एक पेंडेंट के साथ एक्सेसराइज़ किया।

सोशल मीडिया पर शरवरी वाघ के लाखों फैन्स हैं, जो उनकी तस्वीरों पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं।शरवरी ने अपने लुक को कम्पलीट करने के लिए मिनिमल मेकअप किया, जिसमें न्यूड आईशैडो, ब्लैक आईलाइनर, मस्कारा से लदी पलकें, कंटूरेड गाल और न्यूड लिपस्टिक के शेड शामिल थीं। शरवरी वाघ को उनकी लुक्स, स्टाइल, ड्रेसिंग सेंस और बोल्डनेस के लिए जाना जाता है।

# रील बनाते-बनाते सरका रूपाली गांगुली की ऑनस्क्रीन बहू का पल्लू



अनुपमा एक्ट्रेस निधि शाह ऊप्स मोमेंट का शिकार हो गई हैं। बीते दिनों ही निधि शाह अपनी करीबी दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए उदयपुर गई थी। दोस्त की शादी में निधि शाह ने खूब धमाल मचाया और अब एक-एक करके वह अपनी सारी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करती जा रही हैं। निधि ने इंस्टाग्राम पर इंडो वेस्टर्न स्टाइल की एक ड्रेस में ढेर सारी तस्वीरें शेयर की है। इसी सेम ड्रेस में उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया है। सीरियल अनुपमा में किंजल का रोल अदा करने वाली एक्ट्रेस निधि शाह के लेटेस्ट वीडियो में ही उनका ऊप्स मोमेंट कैप्चर हो गया है।

## रील बनाते हुए सरक गया पल्लू

सामने आए इस वीडियो में निधि शाह बालकनी में खड़े होकर उदयपुर की वादियों का लुत्फ उठाती हुई नजर आ रही हैं। कलरफुर इंडो वेस्टर्न ड्रेस में निधि शाह बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। अपनी दोस्त की मेहंदी सेरेमनी में निधि शाह ने इसी लुक से बिजलियां गिराई हैं। इस ड्रेस में रील बनाते-बनाते एक समय ऐसा आता है जब निधि शाह का पल्लू ही सरक जाता है लेकिन असल जिंदगी में भी अनुपमा की किंजल ने यहां पर भी बात संभाल ली। निधि शाह ने बड़ी चतुराई के साथ अपने ऊप्स मोमेंट को अलग रूप दे दिया। वह तुरंत पल्लू के प्लेट्स बनाने लगती हैं और अगले ही पल अनुपमा की बहू मुस्कुराते हुए पोज देने लगती हैं।

## अनुपमा में आएंगे धमाकेदार ट्विस्ट

बात की जाए सीरियल अनुपमा के अपकमिंग ट्विस्ट की तो दर्शकों को कई मजेदार सरप्राइज मिलने वाले हैं। इस सीरियल में आने वाले दिनों में आप देखेंगे कि अनुज कपाड़िया वैलेंटाइन डे के मौके पर अनुपमा की मांग भरेगा। सुनने में तो यही आ रहा है कि अनुज और अनुपमा सिंपल वेडिंग करना चाहते हैं। इसी के साथ अनुपमा में जल्द ही मालविका के एक्स बॉयफ्रेंड अक्षय की भी एंट्री होने वाली है।

# ऐश्वर्या का नया फोटोशूट वायरल, यूजर्स रेखा से कर रहे तुलना

**स्टार प्लस के सीरियल गुम है किसी के प्यार में के साथ रेखा का पुराना रिश्ता है। इस शो के पहले प्रोमो में अभिनेत्री रेखा**





गुम है किसी के प्यार में की चर्चित अभिनेत्री ऐश्वर्या शर्मा की तुलना इन दिनों बॉलीवुड अभिनेत्री रेखा से की जा रही है। %गुम है किसी के प्यार में% की अभिनेत्री ऐश्वर्या शर्मा का नया फोटोशूट इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वायरल तस्वीरों में देखा जा सकता है कि ऐश्वर्या शर्मा नई दुल्हन की तरह तैयार हुई हैं। ऐश्वर्या शर्मा का नया लुक देखकर अधिकांश यूजर्स रेखा से उनकी तुलना कर रहे हैं। गौरतलब है कि ऐश्वर्या शर्मा ने नए फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की है और अभी तक इन फोटो पर लाखों लाइक्स आ चुके हैं।नए फोटोशूट में आप देख सकते हैं कि ऐश्वर्या शर्मा ने लाल और सुनहरे रंग की साड़ी पहनी हुई है, साथ ही हाथों में मेहंदी लगी हुई है और गहनों ने उनके लुक में चार चांद लगा दिए हैं। इन फोटो को देखने के बाद ऐश्वर्या शर्मा के एक फैन ने कमेंट किया है, %आप रेखा जैसी लग रही हैं। % एक और फैन ने लिखा, %अरे कोई फायर ब्रिगेड ले आओ भाई...%

स्टार प्लस के सीरियल %गुम है किसी के प्यार में% के साथ रेखा का पुराना रिश्ता है। इस शो के पहले प्रोमो में अभिनेत्री रेखा भी दिखाई दी थी। रेखा ने ही इन शो के किरदारों से दर्शकों को रूबरू करवाया था। बीते साल ही जब मेकर्स इस गुम है किसी के प्यार में शो में जबरदस्त ट्रैक लेकर आए थे, तब भी रेखा नए प्रोमो में नजर आई थी। रेखा ने भी स्वीकार किया था कि इस शो से उन्हें खास लगाव है क्योंकि उनके फेवरेट गाने के बोल से ही इसका टाइटल लिया गया है।

# रिप्ड हाई राइज जींस और ब्लू बस्टियर कोर्सेट में भूमि पेडनेकर ने ढाया कहर



भूमि पेडनेकर और राजकुमार राव की बधाई दो के ट्रेलर ने फिल्म देखने वालों के बीच उत्सुकता पैदा कर दी है। फिल्म 11 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है और एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अपनी फिल्म के प्रमोशन में पूरे जोर-शोर से जुट चुकी हैं। हाल ही में एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान भूमि रिप्ड हाई राइज मॉम जींस और ब्लू बस्टियर कोर्सेट में नजरआईं।

भूमि पेडनेकर ने ब्लू फ्लोरल बस्टियर स्ट्रैपी क्रॉप्ड कॉर्सेट में अपने प्रमोशनल लुक को कम्फर्टेबल लेकिन स्टाइलिश रखने का फैसला किया, जिसे उन्होंने व्हाइट रिप्ड हाई राइज मॉम जींस के साथ पेयर किया। भूमि पेडनेकर ने अपना ब्लू प्रिंटेड कोर्सेट सैको स्टूडियो से और अपनी मॉम जींस को क्लोदिंग ब्रांड फीकिन्स से चुना। प्रणिता शेट्टी द्वारा स्टाइल की गई भूमि पेडनेकर के बाल और मेकअप को सैंकी एवरस और निक्की राजानी ने स्टाइल किया।

भूमि पेडनेकर की ये खूबसूरत तस्वीरें फोटोग्राफर लिसा डिसूजा ने खींची, जिन्हें देख फैन्स उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं।





## कलेक्टर पहुंचे हनुमानताल थाने

# थाना प्रभारी को फोन कर कहा रात्रि की गश्त बढ़ाओ

**गंदगी पाए जाने पर दिखाई नाराजगी, कलेक्टर ने हनुमानताल, दमोहनाका और दीनदयाल चौक स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टैंड का दौरा किया**

**जबलपुर, यशभारत।** नवागत कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी आज गुरूवार की सुबह-सुबह शहर के दौरे में निकले। हनुमानताल थाना पहुंचकर कलेक्टर ने सबसे पहले परिसर में फैली गंदगी देखकर नाराजगी दिखाई। कलेक्टर ने थाने से ही खड़े होकर टीआई को फोन कर रात्रि गश्त बढ़ाने को कहा। इसके बाद वह हनुमानताल तालाब पहुंचे जहां पर फैली गंदगी को देखकर अप्रसन्नता जाहिर की। कलेक्टर ने तालाब के पास जमे टपरे को तत्काल अलग करवाकर साफ-सफाई कराई। कलेक्टर ने इस दौरान नगर निगम अधिकारियों व क्षेत्रीय लोगों को निर्देश दिए कि गंदगी न फैले यह सबकी जिम्मेदारी है इसलिए तालाब को साफ-स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सबकी है। इस दौरान नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ एवं अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा भी उनके साथ थे ।

सड़क में टेबिल रखकर शराब पिला रहे हो क्या

दमोहनाका शराब दुकान के सामने जमी टेबिलों को देखकर कलेक्टर डॉक्टर इलैया राजा टी ने नाराजगी दिखाई। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि शराब दुकान इसका ये मतलब नहीं कि सड़क पर टेबिल कुर्सी लगाकर शराब पिलाई जाए। शराब दुकान के सामने फैली गंदगी को लेकर भी कलेक्टर ने नाराजगी दिखाई।

### ध्यान रखें शहर में गंदगी नजर न आए

कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराज टी ने हनुमानताल, दमोहनाका और दीनदयाल चैक स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टैंड क्षेत्रों का दौरा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर में गंदगी का आलम न रहे। संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पूरी मेहनत और लगन के साथ शहर को साफ बनाने में जुट जाए। निर्देश जारी करने के बाद भी गंदगी फैलाने वाले बाज नहीं आते हैं तो कार्रवाई करें।

### डॉ. हरिशंकर साहू का निधन



**जबलपुर।** अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि डॉ दीपक साहू और राजेश साहू के पूज्य पिता डॉ हरिशंकर साहूजी (कंतोरा वाले) का दु:खद निधन हो गया है। वे 84 वर्ष के थे। अंतिम संस्कार ग्वारिघाट मुक्तिधाम में किया गया।

## बिन मौसम बारिश से फिजाओं में फिर घुली ठंडक

# सोमवार से मिलेगी राहत

**जबलपुर, यशभारत।** मौसम में आए बदलाव से गत दिनों हुई बारिश के बाद एक बार फिर जाती ठंड लौट आई है। गुरूवार सुबह से फिज्राओं में ठंडक का अहसास बना हुआ है। अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम 13 डिग्री तक बढ़ा हुआ है फिर भी ठंड का असर अब भी कायम है। उत्तरी ठंडी हवाएं लोगों को सिहरा रही है। धूप के बीच हल्के बादल भी मंडरा रहे हैं। जिससे धूप का असर कम हो रहा है। सर्द हवाओं से बचने के लिए लोग गर्म कपड़े पहन कर ही निकले। मौसम विभाग की माने तो 13 फरवरी के बाद एक नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव की भी संभावना है।

### ठंड का हो रहा अहसास-

तापमान में भले ही बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। लेकिन बर्फीलज़ी हवाओं के कारण अब भी ठंड महसूस हो रही है। दिन में धूप के कारण भले ठंड का असर कम हो लेकिन शाम ढलते ही रात में ठंड अपना असर दिखा रही है।









स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )